डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22

वर्ष : 09 >अंक : 19 >मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

साप्ताहिक समाचार

मीडिया दृष्टिकोण

# हिलव्यू समाचार

जीवन के संघर्ष, जीवन की सच्चाई का आईना होते हैं।
-शालिनी श्रीवास्तव

जयपुर, सोमवार, 07 नवम्बर 2022

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

hillviewsamachar@gmail.com



*अतिक्रमणकारी साधु सियारामदास, कनकबिहारी मंदिर, गलता गेट, जयपुर*

# उपायुक्त सुरेश राव आदर्श नगर जोन नगर निगम हेरिटेज ने अदालत में झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत क्यों की?



*रफ़ीक ख़ान, विधायक आदर्श नगर, विधानसभा जयपुर*

**इस अंक के पेज़ 04 व 05 पर रफ़ीक़ ख़ान सहित 23 लोगों पर की गई FIR की पूर्ण नामज़द प्रतिछाया,जेडीए द्वारा दिए गए बालिका विद्यालय के आवंटन पत्र की प्रतिछाया,पीड़ित राजेश सोनी की अपील पर हुए स्थगन आदेश और अतिक्रमणकारी साधु सियारामदास द्वारा दिये गए झूठे शपथ पत्र की पूर्ण प्रतिछाया दी गई है**

**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर।** राजस्थान में अवैध निर्माण और अतिक्रमण चरम पर हैं जैसे गहलोत सरकार के इशारों पर ही सब हो रहा हो! यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल भू माफ़ियाओं के मसीहा लगातार बन रहे हैं मामला नानाजी की हवेली चौड़ा रास्ता का हो या गोपालपुरा बायपास पर खड़ी सैकड़ों अवैध बिल्डिंग्स का। गहलोत सरकार नहीं समझ पा रही कि सुखद भविष्य के पाँव इन सभी अवैध मामलों के कारण लगातार वो स्वयं काट रही है। जनता से यह अतिक्रमण,भ्रष्टाचार, अवैध खनन,अवैध निर्माण का नंगा नाच छुपा नहीं बस जनता सही वक्त का इंतज़ार करके ही ख़ामोशी ओढ़े बैठी है। कालिदास जिस डाल पर बैठे थे उसे ही काट रहे थे बस यही हाल गहलोत सरकार का उनके मंत्रियों द्वारा हो रहा है चाहे वो सियासी संकट हो या भ्रष्टाचार,अवैध निर्माण या अतिक्रमण के मामले,सारा राज्य अवैधता और अतिक्रमण का शिकार हो रहा है और गहलोत सरकार गहरी नींद सोई है।

**झूठ की बुनियाद पर साधु सियारामदास ने अदालत से स्थगन आदेश खा़रिज़ करवाकर आंशिक रंग-रोगन और मरम्मत के ले लिए आदेश।**



*सुरेश राव, उपायुक्त आदर्शनगर जोन, नगर निगम हैरिटेज, जयपुर*

**भ्रष्टाचार और लालच में डूबे भ्रमित उपायुक्त सुरेश राव ने अदालत के समक्ष तथ्यों को छुपाकर दो मंज़िला अवैध निर्माण व अतिक्रमण को अदालत में दी गयी रिपोर्ट में किया ग़ायब!अदालत में ज़रिये रिपोर्ट कहा, नहीं हो रहा गोवर्धनपुरी गलता गेट पर कोई अवैध भी निर्माण !**



*आदर्शनगर विधानसभा विधायक रफ़ीक़ ख़ान अतिक्रमणकारी साधु सियारामदास के समक्ष श्रद्धा से नतमस्तक होते हुए।*



*बालिका विद्यालय की ज़मीन पर वह भव्य दो मंज़िला अवैध निर्माण जिसे उपायुक्त सुरेश राव ने अदालत की आँखों में धूल झौंककर अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अवैध निर्माण नहीं हो रहा गोवर्धनपुरी गलता गेट पर।*

**अदालत की आँखें भी झूठ और फ़र्ज़ी दावों से इतनी चुंधियाँ दी गयीं हैं कि मौक़े पर खड़ा दो मंज़िला अवैध नवनिर्माण तमाम सबूतों के बाद भी नज़र नहीं आया, न्यायालय को जबकि इसमें माननीय सम्बंधित कोर्ट को मौक़े पर जाकर इसकी जाँच करनी चाहिए थी या न्यायिक स्तर पर टीम गठित कर मामले की गहनता से जाँच करवानी चाहिए थी।**



**बालिका विद्यालय के लिए जेडीए द्वारा आवंटित करोड़ों की ज़मीन पर क्षेत्रीय विधायक रफ़ीक़ ख़ान और भू माफ़ियाओं के अवैध सहयोग से कनक बिहारी मंदिर का साधु सियारामदास अतिक्रमण करने को हो रहा लगातार आमादा।**

### इन प्रश्नों का जवाब दें यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल, विधायक रफ़ीक़ ख़ान, मेयर मुनेश गुर्जर और उपायुक्त सुरेश राव आदर्शनगर जोन नगर निगम हेरिटेज

- 1. अगर उपायुक्त सुरेश राव आदर्शनगर जोन नगर निगम मौक़े पर कोई नवनिर्माण न होने की रिपोर्ट अदालत में पेश कर रहे हैं तो मुख्य नगर निगम हेरिटेज कमिश्नर विश्राम मीणा ने किस अवैध निर्माण को सीज करने के ऑर्डर तात्कालीन उपायुक्त आदर्शनगर जोन को दिए थे?
- 2. पीड़ित पक्ष के पत्र क्रमांक 1766/29.09.2022 में गलता गेट के किस भवन के अवैध नवनिर्माण को सीज करने की गुहार लगाई गई है?
- 3.क्षेत्रीय विधायक रफ़ीक़ ख़ान और डिप्टी मेयर असलम फ़ारुखी सहित संतोष पार्षद व अन्य कई पार्षद किस अवैध निर्माण की अगुवाई में साधु सियारामदास के साथ हमेशा खड़े रहते हैं?
- 4. अगर अवैध नवनिर्माण नहीं हो रहा तो क्रेशर और जेसीबी,रेत,सीमेंट के ट्रक बालिका विद्यालय की ज़मीन पर क्या कर रहे हैं?
- 5. पीड़ित स्थानीय लोगों द्वारा बनाये गए मौक़े के हर दिन के ताज़ा फ़ोटो,वीडियो सब उस अवैध निर्माण दिखा रहे हैं क्या वे सब झूठे हैं?
- 6.जनहित में दी गयी बालिका विद्यालय की सरकारी ज़मीन के सभी साक्ष्य पीड़ित स्थानीय निवासियों के पास मौजूद हैं। क्या वे सभी दस्तावेज़, कागज़ात,जनता की अपील कोई आधार नहीं?
- 7. विधायक रफ़ीक़ ख़ान सहित भूमाफ़ियाओं का यह नंगा नाच क्या गहलोत सरकार की सक्रिय भूमिका पर प्रश्न खड़े नहीं कर रहा?
- 8. यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के संज्ञान में सारा मामला आने के बाद भी यह अवैध निर्माण चरम पर है क्या नाना जी की हवेली,गोपालपुरा बायपास के अवैध निर्माणों की तरह मंत्री धारीवाल इस अतिक्रमण और अवैध निर्माण में भी भागीदार हैं?
- 9. पीड़ितों स्थानीय नागरिकों के घरों के सामने सार्वजनिक स्थल पर नंगी तलवार लहराना व तलवार से केक काटकर शस्त्र प्रदर्शन करना,पैसे देकर भीड़ इकट्ठी कर कलश यात्रा निकालना क्या पीड़ित पक्ष पर दबाव-प्रभाव बनाने का यह घिनौने तरीक़े नहीं हैं?
- 10. क्या यह सब कृत्य आम नागरिकों के हितों का हनन नहीं है?
- 11. पुलिस का निकम्मापन, विधायक द्वारा प्रभावशाली लोगों के साथ मिलकर गुंडागर्दी और प्रशासन का भ्रष्टाचार एक दिन ट्वीन टावर के कहर की तरह ज़रूर इन पर बरसेगा क्यों सच्चे संघर्ष के साथ न्याय के घर देर है अंधेर नहीं।



*मुनेश गुर्जर, महापौर नगर निगम हैरिटेज, जयपुर*

**मुनेश गुर्जर अब भी मौन हैं इनका मेयर होना राजधानी का दुर्भाग्य है।**



*शांति धारीवाल, यूडीएच मंत्री, राजस्थान सरकार*

**मंत्री जी केवल अपने कामों की मन्त्रणा में व्यस्त है राजधानी की समस्याओं से इन्हें कोई सरोकार नहीं।**



*पूर्व डीजीपी लाठर राजस्थान पुलिस जिन्हें इस अवैध निर्माण गलता गेट की हर गतिविधि से वाक़िफ़ करवाया गया लेकिन निष्क्रियता के कारण इन ने कोई एक्शन नहीं लिया।*

**मैं** यहाँ का स्थानीय आम नागरिक हूँ लेकिन जागरूक नागरिक हूँ। बालिका विद्यालय की ज़मीन को मंदिर की आड़ में भूमाफ़ियायों की भेंट नहीं चढ़ने दे सकता। अदालत में आदर्शनगर जोन में रिपोर्ट में कहा कि यह संपत्ति राजेश सोनी की निजी नहीं है तो मैं अदालत और इन भटके हुए लोगों को बताना चाहूँगा कि यह मेरी नहीं बल्कि पूरे स्थानीय नागरिकों की संपत्ति है जो बालिका विद्यालय के लिए आवंटित है। मंदिर की आड़ में इसे अतिक्रमणकारियों की भेंट नहीं चढ़ने देंगे। यह हमारी बेटियों का हक़ है जो अतिक्रमण व अवैध निर्माण की भेंट नहीं चढ़ेगा। हम सभी स्थानीय निवासी इसके लिए जब तक आवाज़ उठाते रहेंगे,विरोध दर्ज करते रहेंगे जब तक कि यह अवैध निर्माण हट नहीं जाता।



*पीड़ित राजेश सोनी, गोवर्धनपुरी, गलता गेट, जयपुर*

### राजेश सोनी, राकेश आमजन सहित आम स्थानीय नागरिक लगातार लड़ रहे हैं हक़ की लड़ाई मगर भ्रष्टाचार की भांग पूरे शासन-प्रशासन के कुएँ में ही घुल चुकी है।

### राकेश आमजन ने राजकीय पुलिस कर्मचारी होते हुए भी समाज और जनहित के विरुद्ध हुए अवैध कार्य के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने की हिम्मत की है।



*अतिक्रमण और अवैध निर्माण के विरुद्ध खड़ा पीड़ित राकेश आमजन, गोवर्धनपुरी गलतागेट, जयपुर*

अतिक्रमणकारी साधु सियारामदास कनक बिहारी मंदिर की आड़ में झूठा माहौल बनाकर योजनाबद्ध तरीक़े से हिंदुत्व की आड़ में शिक्षा विभाग की करोड़ों-अरबों की ज़मीन को हथिया रहा है जो कि जेडीए द्वारा राजकीय बालिका विद्यालय के लिए आवंटित की गई थी। इसके ख़िलाफ़ मैं व मेरे साथ स्थानीय नागरिक भी लगातार विरोध दर्ज कर रहे हैं। मौखिक व लिखित मय पुख़्ता साक्ष्यों के निगम हेरिटेज,जेडीए,शिक्षा विभाग,पुलिस आदि अफसरों व कार्मिकों को लगातार आगाह किया गया है किंतु प्रभावशाली क़ानूनी कार्यवाही करने के बजाए मेरा व अन्य शिक़ायतकर्ताओं का दमन किया गया। नकली किराए की भीड़,विधायक ,पार्षद आदि ने एकत्रित होकर मुझे व मेरे परिवार को डराया,भय आतंकित कर मॉब लीचिंग जैसे प्रयास किए।

मेरे घर के सामने तलवार से केक काटकर भय का वातावरण रफ़ीक़ ख़ान और सियारामदास ने बनाया। कलश यात्रा की आड़ में मेरे घर के आगे भीड़ इकट्ठी कर दबाव बनाने का प्रयास किया इन सबकी शिकायत मैंने लगातार तात्कालिक डीजीपी लाठर व संबंधित एवं अधीनस्थ पुलिस को लिखित मौखिक मय पुख्ता साक्ष्यों के साथ की मगर मेरी इस गंभीर शिक़ायत पर कोई एक्शन नहीं लिया गया । स्थानीय पुलिस ने इस मामले को न गंभीरता से लिया न FIR दर्ज की। इनके द्वारा मेरे व मेरे परिवार पर अपमानजनक शब्दों से दबाव बनाया गया जिस पर मैंने SC/ST एडीजे कोर्ट का सहारा लिया जिसकी FIR पृष्ठ 04 पर अंकित है। इस तरह विधायक रफ़ीक़ ख़ान सहित 23 लोगों पर पहली बार FIR दर्ज कर जाँच के आदेश हुए जो अभी शेष है। स्थानीय नागरिक राजेश सोनी द्वारा लिए अवैध निर्माण स्थगन आदेश को साधु सियारामदास व आदर्श नगर जोन द्वारा गुमराह कर ख़ारिज़ करवा लिया जाकर आंशिक रंग-रोगन के आदेश पास करवा लिए गए हैं।

शासन और प्रशासन क्यों साधु सियाराम दास के इशारों की पुतली बना हुआ है यह समझ के बाहर है। मैं सही फ़ैसले के लिए अंतिम वक़्त तक लड़ूँगा।



## इंदिरा रसोई की आलोचना पर बरसे सीएम अशोक गहलोत

# ग़रीब विरोधी मानसिकता के लोग चला रहे अभियान

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि गरीब विरोधी मानसिकता वाले कुछ लोग राज्य सरकार की इंदिरा रसोई योजना के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे महीने में कम से कम एक दिन इंदिरा रसोई में भोजन करें। गहलोत ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इंदिरा रसोई में आठ रुपए में गुणवत्तापूर्ण एवं ताजा भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। राज्य की 900 इंदिरा रसोइयों में अभी तक 7.75 करोड़ थाली भोजन परोसा गया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी की गई है।

उन्होंने लिखा कि कुछ लोगों को इंदिरा रसोई की सफलता से परेशानी हो रही है। गरीब विरोधी मानसिकता वाले ऐसे लोग के साथ इंदिरा रसोई के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि इससे जिन अच्छी संस्थाओं ने काम संभाला है, उनका हौसला टूटता है। हमारी सरकार 'कोई भूखा न सोए' के संकल्प को साकार कर रही है। उल्लेखनीय है कि 4 दिन पहले भरतपुर की इंदिरा रसोई का एक वीडियो वायरल हुआ। जहां 2 सूअर जूठे बर्तनों को चाटते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद भाजपा ने सरकार की इस योजना को लेकर मुख्यमंत्री पर निशाना साधा।

## मोरबी हादसे की न्यायिक जांच जरूरी

गहलोत ने मोरबी पुल हादसे को लेकर गुजरात की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि ऐसी भ्रष्ट सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। गहलोत ने मोरबी पुल हादसे की शुरुआती जांच के बारे में प्रकाशित एक खबर साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि हादसे की शुरुआती जांच से पता चला है कि दो करोड़ रुपए में से सिर्फ 12 लाख रुपए यानी सिर्फ छह प्रतिशत राशि ही पुल के रखरखाव पर खर्च हुई। यह गुजरात की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार का प्रत्यक्ष उदाहरण है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व पूरी पार्टी की मांग है कि घटना की हाई कोर्ट के न्यायाधीश के नेतृत्व में न्यायिक जांच होनी चाहिए, क्योंकि ऐसी जांच न होने तक इतने बड़े स्तर के सरकारी भ्रष्टाचार की सच्चाई सामने आनी संभव नहीं है।

# राजनीति की देन है ज़हरीला वायुमंडल

## सम्पादकीय

### लोगों को इस तरह दमघोंटू वातावरण में जीने को अभिशप्त मत कीजिए



ऐसा लगता है जैसे दिल्ली सहित संपूर्ण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घने कोहरे में डूबा हुआ है। सब जानते हैं कि यह कोहरा नहीं, बल्कि प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुजुर्गों, बच्चों और सांस की समस्याओं से ग्रस्त लोगों को घर से बाहर न निकलने का सुझाव जारी कर दिया है। इसी के साथ स्कूल बंद करने के आदेश जारी हो रहे हैं। पिछले कई दिनों से दिल्ली का एक्यूआइ (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 400 से 450 के बीच दर्ज किया जा रहा है। लगभग यही स्थिति गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद आदि की है। उत्तर भारत के अन्य अनेक इलाके भी प्रदूषण की चपेट में हैं। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं।

वास्तव में यह सरकारों का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है, जिसने सबको जहरीले वायुमंडल में रहने को विवश किया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की बैठक में यह साफ हो गया कि अगले कई दिनों तक वायु की गुणवत्ता बहुत गंभीर श्रेणी में रह सकती है, लेकिन दिल्ली और पंजाब की सरकार स्वयं को इसके लिए किंचित भी उत्तरदायी नहीं मानतीं। दिल्ली को सामाजिक-आर्थिक विकास के माडल के रूप में गुजरात चुनाव में पेश कर रहे अरविंद केजरीवाल और उनके साथी ही इस बात की चर्चा नहीं करते कि इससे कितनी क्षति हो रही है। ताजा आदेशों के अनुसार, दिल्ली में आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले ट्रकों और सभी सीएनजी-इलेक्ट्रिक ट्रकों को छोड़कर अन्य ट्रकों का प्रवेश बंद होगा। इसी तरह आवश्यक एवं आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर डीजल चालित मध्यम वाहन और भारी माल वाहन, बीएस-6 वाहनों को छोड़ डीजल, एलबीएस आदि पर रोक लगा दी गई है। निर्माण कार्यों यानी राजमार्ग, फ्लाईओवर और पाइपलाइन जैसी परियोजनाओं का निर्माण कार्य रुक जाएगा। स्वच्छ ईंधन से नहीं चलने वाले उद्योगों को भी बंद करने का आदेश जारी हो गया है। इस तरह यहां के लोग एक ओर जहरीली हवा से होने वाली बीमारियों से ग्रस्त होने को अभिशप्त हैं तो दूसरी ओर भारी आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए भी।

निःसंदेह दिल्ली ही नहीं आसपास के क्षेत्रों के लिए केंद्र सरकार की भी जिम्मेदारी है। पर्यावरण की दृष्टि से केंद्र के पास ऐसे अनेक अधिकार हैं, जिनसे राज्यों को कदम उठाने के लिए बाध्य किया जा सकता है। पराली जलाने की समस्या आज की नहीं है। स्वयं केजरीवाल इसके विरुद्ध आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन पंजाब में सरकार बनने के बाद इस मामले पर अपने स्वभाव के अनुरूप उन्होंने यू-टर्न ले लिया। पराली की समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 1347 करोड़ रुपये और उपकरण दिए गए। अगर इस पर राजनीति करने की जगह ईमानदारी से काम होता और सरकार किसानों को समझाने-बुझाने की कोशिश करती तो यह दिन नहीं देखना पड़ता।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 3 नवंबर को दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। हर दिन पराली जलाने की कई सौ घटनाएं दर्ज हो रहीं है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? इसका उत्तर ढूंढ़े तो आप शून्य में पहुंच जाएंगे। सच यह है कि इसके लिए कोई कोशिश हो ही नहीं रही है। ऐसा माहौल बना दिया गया है, मानो खेती के नाम पर कुछ भी करने की छूट है। इसका कारण राजनीतिक ही है। कोई किसान है, इसका यह अर्थ नहीं कि उसे वातावरण को दमघोंटू बनाने का अधिकार है। किसानों को विकल्प उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अनुसार अगले साल नवंबर तक पराली की समस्या सुलझा ली जाएगी। वह यह भी कहते हैं कि केंद्र को भी मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि यह पूरे उत्तर भारत का मुद्दा है। क्या केंद्र सरकार भगवंत मान से सहमत है? क्या केंद्र राज्य के साथ मिलकर काम नहीं कर रहा है? अगर ऐसा है तो केंद्र को स्पष्ट करना चाहिए। आखिर पड़ोस के हरियाणा ने एक हद तक इस पर काबू पाया है।

जरा सोचिए, इस वर्ष पंजाब में 31.13 लाख हेक्टेयर में धान की फसल उगाई गई, जबकि 2021 में यह 29.61 लाख हेक्टेयर थी। इसे कैसे रोका जाएगा? आम आदमी पार्टी के पास इस समस्या का कोई समाधान नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी पंजाब के भी नीति नियंता है। वह मुख्यमंत्री बनने के पहले स्वयं को दिल्ली को जहरीली आबोहवा से बचाने के झंडाबरदार के रूप में प्रस्तुत करते रहे हैं, पर अब जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे। अपनी राजनीति के लिए आम आदमी पार्टी ने पूरे क्षेत्र की जनता को जहर में जीने को अभिशप्त किया है।

दिल्ली के वायुमंडल को ठीक करने के लिए कई कदम उठाए गए। इसके बावजूद स्थिति गैस चैंबर की है तो स्वीकारना पड़ेगा कि पर्यावरण के नाम पर केवल राजनीति हुई है। लोगों को शुद्ध वायु, जल और वातावरण उपलब्ध कराना सरकारों की मूल जिम्मेदारी है। आप राजनीति करिए, किंतु लोगों को इस तरह दमघोंटू वातावरण में जीने को अभिशप्त मत कीजिए। यदि केंद्र सरकार के सहयोग और सुझावों का प्रदेश सरकारें पालन नहीं करतीं तो वह उनके विरुद्ध कदम उठाए। करोड़ों लोगों की जीवन रक्षा का प्रश्न दलीय राजनीति से बड़ा है।

---

### THREE चीयर्स

**कमल हासन**



जन्म- 7 नवंबर
उम्र- 68 वर्ष

- **पहली फिल्म**- आईना
- **हिट फिल्में**- एक दूजे के लिए, सनम तेरी कसम, सागर, गिरफ्तार, चाची 420, हिन्दुस्तानी.

**अनुष्का शेट्टी**



जन्म- 7 नवंबर
उम्र- 41 वर्ष

- **पहली फिल्म**- लिंगा
- **हिट फिल्में**- बाहुबली1, बाहुबली 2 : द कन्क्लूजन, द रियल डॉन, शिवा : द सुपर हीरो 2, डॉन नं. वन.

**उषा उत्थुप**



जन्म- 8 नवंबर
उम्र- 75 वर्ष

- **हिट गीत**- वंदे मातरम..., कोई यहां अहा नाचे नाचे..., रम्बा हो..., हरि ओम हरि..., दोस्तों से प्यार किया..., एक दो चा चा चा.

**आशुतोष राणा**



जन्म- 10 नवंबर
उम्र- 54 वर्ष

- **पहली फिल्म**- संशोधन
- **हिट फिल्में**- वॉर, मुल्क, एलओसी कारगिल, राज, गुनाह, बादल, संघर्ष, दुश्मन, गुलाम, जख्म.

**बोनी कपूर**



जन्म- 11 नवंबर
उम्र- 67 वर्ष

- **पहली फिल्म (बतौर निर्माता)**- हम पांच
- **हिट फिल्में**- वो 7 दिन, मिस्टर इंडिया, प्रेम, जुदाई, पुकार, कंपनी, नो एंट्री.

# नवंबर में 5 फिल्में BOX OFFICE पर मचाएंगी धमाल

## बिग बी, वरुण धवन व राजकुमार राव की फिल्में लाइन में



बॉलीवुड इंडस्ट्री के लिए ये साल यानी 2022 ज्यादा अच्छा नहीं रहा. बॉक्स ऑफिस पर गिनी-चुनी फिल्मों को छोड़कर बाकी सभी फ्लॉप साबित हुईं. इस साल अक्षय कुमार, आमिर खान से लेकर अमिताभ बच्चन, रणवीर सिंह, शाहिद कपूर सहित कई दिग्गज बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरे. इनमें से एक की भी फिल्म सिनेमाघरों तक दर्शकों को लाने में सफल नहीं रही. अक्टूबर में भी ऐसी कोई फिल्म नहीं आई जिसने धमाका किया हो. अब नवंबर का महीना शुरू है. नवंबर में वैसे तो कोई बिग बजट फिल्म रिलीज नहीं हो रही है, लेकिन जो लो-बजट फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं, उनमें से कइयों से बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं.











- नवंबर में करीब 5 फिल्में रिलीज होने जा रही हैं. हालांकि, आपको जानकर हैरानी होगी कि इन फिल्मों में न तो कोई सलमान खान-शाहरुख खान की है और न ही अक्षय कुमार, रणबीर कपूर और रणवीर सिंह की है.
- सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ऊंचाई' 11 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. 40 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, सारिका, परिणीति चोपड़ा लीड रोल में हैं. ये फिल्म दोस्ती पर बेस्ड है.
- राजकुमार राव, हुमा कुरैशी, राधिका मदान और राधिका आप्टे की फिल्म 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' भी 11 नवंबर को ही सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है. महज 10 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म एक्शन-थ्रिलर से भरी पड़ी है. इस फिल्म को वसन बाला ने डायरेक्ट किया है.
- आदित्य शील और निकिता दत्ता की फिल्म 'रॉकेट गैंग' भी 11 नवंबर को रिलीज हो रही है. बोस्को मार्टिज के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट महज 5 करोड़ रुपए है.
- 18 नवंबर को रिलीज हो रही अजय देवगन, तब्बू और श्रिया सरन की फिल्म 'दृश्यम 2' का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. 50 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म को अभिषेक पाठक ने डायरेक्ट किया है. इस फिल्म के जरिए एक बार फिर लोगों को 2 अक्टूबर की याद दिलाई जाएगी.
- नवंबर में रिलीज हो रही सबसे ज्यादा बजट की फिल्म 'भेड़िया' में वरुण धवन और कृति सेनन लीड रोल में हैं. अमर कौशिक द्वारा निर्देशित ये फिल्म 60 करोड़ के बजट में तैयार की गई है. ये फिल्म 25 नवंबर को सिनेमाघरों में हंगामा मचाने आएगी. ये एक हॉरर कॉमेडी है.

### CATCH काउंटर



चार छोटी फिल्में - ना स्टार्स, ना मार्केटिंग या डिस्ट्रीब्यूशन सपोर्ट - द कश्मीर फाइल्स, कार्तिकेय 2, कांतारा और रॉकेट्री ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 800 करोड़ रुपए कमाए. चारों फिल्मों के प्रोडक्शन की टोटल लागत 75 करोड़ रुपए से कम है. क्या बॉलीवुड अंधा, बहरा और गूंगा है, जो कि सिम्पल से गणित को समझ और सीख नहीं पा रहा है?

- विवेक अग्निहोत्री, फिल्ममेकर



हमारे समय के दौरान हम एक्सपेरिमेंट नहीं कर सके. रिश्ते में फिजिकल पहलू बहुत जरूरी होता है. एक रिश्ता 'प्यार, ताजी हवा और एडजस्टमेंट' पर नहीं टिक सकता. नव्या नवेली नंदा के 'बिना शादी के बच्चा' होने से कोई समस्या नहीं है.

- जया बच्चन, एक्टर

### STAR लाइफ

# सास की आदत से परेशान हुईं कैटरीना



**बॉलीवुड की बहू कैटरीना कैफ ने अपनी सासू मां यानी विक्की कौशल की मम्मी के बारे में कुछ खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि वो अपनी सास की एक आदत से परेशान हो गई हैं. उन्होंने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी कई बातें साझा कीं.**

एक शो में कैटरीना ने अपनी सासू मां वीना कौशल के बारे में खुलासा किया. कैटरीना ने अपनी सास की पोल खोलते हुए बताया कि कैसे विक्की की मम्मी उन्हें परांठे खाने के लिए मजबूर करती हैं, लेकिन उन्हें इनकार करना पड़ता है. कैटरीना ने बताया, 'शुरुआत में मम्मीजी मुझसे परांठे खाने के लिए बहुत कहती थीं और चूंकि मैं डाइट पर हूं तो मैं इसे नहीं खा सकती थी, इसलिए मैं सिर्फ एक बाइट ले लेती थी. अब जब हमारी शादी को लगभग एक साल पूरा हो गया है तो मम्मीजी अब मेरे लिए कई नई-नई रेसिपीज बनाती हैं और प्यार से मुझे किटो बुलाती हैं.'

### ROLE & गोल

# कार्तिक का नया लुक

## रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म ने बनाया सस्पेंस

**'भूल भुलैया 2' जैसी ब्लॉकबस्टर हिट देने के बाद कार्तिक आर्यन एक और दमदार फिल्म के साथ वापस लौट आए हैं. उन्होंने अपनी फिल्म 'फ्रेडी' का पहला पोस्टर साझा किया है. इस फिल्म में वो अलाया एफ के आपोजिट दिखाई देंगे. कार्तिक आर्यन अपने शानदार परफॉर्मेंस से लगातार दर्शकों का दिल जीत रहे हैं. इस पोस्टर से कार्तिक के रहस्यमयी लुक का भी पता चलता है.**

कार्तिक और अलाया एफ की फिल्म 'फ्रेडी' ओटीटी पर डिजिटल रिलीज होगी. कार्तिक आर्यन ने फर्स्ट लुक शेयर करते हुए लिखा, 'डॉ फ्रेडी गिनवाला, अपॉइंटमेंट जल्द खुलेंगे #Freddy.' पोस्टर में कार्तिक खून से लथपथ हाथों में दांतों का एक सेट पकड़े नजर आ रहे हैं. उनकी अभिव्यक्ति रहस्यमय है, जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर रही है. इससे पहले उन्होंने एक और पोस्टर के साथ लिखा था, 'धीमा और स्थिर रेस जीतता है. #Freddy की दुनिया में प्रवेश करने के लिए तैयार रहें.' कार्तिक ने एक बातचीत में कहा, 'मैं फ्रेडी का हिस्सा बनकर भाग्यशाली





महसूस करता हूं. फिल्म की कहानी कुछ ऐसी है जिसे मैंने पहले नहीं खोजा है. इसने मुझे अपने काम के साथ एक्सपेरिमेंट करने की अनुमति दी है. मैं जल्द ही डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली फिल्म का इंतजार कर रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि दर्शकों को यह नया अवतार पसंद आएगा.' शशांक घोष द्वारा निर्देशित बालाजी टेलीफिल्म्स और नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स द्वारा निर्मित यह फिल्म एक बेहतरीन थ्रिलर है और इसमें कार्तिक को पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में दिखाया जाएगा.

# आइटम ब्वाय बनेंगे रणबीर

रणबीर कपूर जल्दी एक फिल्म में नजर आने वाले हैं, लेकिन इस बार उनका अंदाज सबसे अलग होगा. रणबीर जल्द बॉस्को मार्टिस के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'रॉकेट गैंग' में दिखाई देंगे लेकिन एक्टिंग के तौर पर नहीं, बल्कि इस फिल्म में एक्टर एक आइटम नंबर करने वाले हैं. मार्टिस ने इससे पहले रणबीर को 'तमाशा' और 'रॉकस्टार' जैसी फिल्मों में कोरियोग्राफ किया है. फिल्म में एक्टर आदित्य सील और निकिता दत्ता अहम किरदार में नजर आएंगे. इस फिल्म में रणबीर डांस नंबर के लिए आलिया भट्ट की वजह से राजी हुए हैं. दरअसल, आदित्य सील की पत्नी अनुष्का रंजन आलिया की बहुत अच्छी दोस्त हैं और इसीलिए रणबीर ने इसके लिए हां कहा है. यह फिल्म 11 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इससे पहले भी रणबीर फिल्म 'चिल्लर पार्टी' में 'टांय टांय फिस' गाने को कर चुके हैं. वहीं अब 11 साल बाद 'रॉकेट गैंग' में डांस नंबर करते नजर आएंगे. साल 2023 में वह पर्दे पर कई फिल्मों में दिखाई देंगे. इस लिस्ट में 'एनिमल' शामिल है जो 11 अगस्त 2023 में रिलीज होगी. रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में एक फिल्म ऐसी भी है, जिसका नाम अभी तक फाइनल नहीं हुआ है. कहा जा रहा है यह फिल्म होली पर रिलीज हो सकती है. 'अंदाज अपना अपना 2' फिल्म में रणबीर कपूर और रणवीर सिंह एक साथ नजर आ सकते हैं.



आलिया ने किया राजी

# फाइट सीक्वेंस ने किया घायल



शो 'संजोग' में गौरी की भूमिका निभाने वाली काम्या पंजाबी ने कहा कि कहानी में दो अलग-अलग मांओं अमृता और गौरी की अपनी-अपनी बेटियों के साथ रिश्तों का ताना-बाना बुना गया है. इसमें भावनाओं का उतार-चढ़ाव दिखाया गया है. एक सीक्वेंस में गौरी और अमृता में एक फाइट सीक्वेंस है, जहां उन्हें अपनी बेटियों की खातिर एक दूसरे से भिड़ना था और इस सीन की शूटिंग करते हुए काम्या के दाहिने पैर में चोट लग गई. उनके घुटने के आसपास एक हेयरलाइन फैक्चर हो गया था. काम्या ने कहा कि तमाम सुरक्षा उपाय और सावधानियों के बावजूद मेरे दाहिने पैर में चोट लग गई. यह शो जी टीवी पर प्रसारित होता है.

### REMAKE जोन

# टाइगर बनेंगे हीरो नंबर 1

**अभिनेता** टाइगर श्राफ सुपरहिट फिल्म 'हीरो नंबर 1' के रीमेक में काम करते नजर आएंगे. साल 1997 में प्रदर्शित फिल्म हीरो नंबर 1 में गोविंदा और करिश्मा कपूर ने लीड रोल किया था. डेविड धवन के निर्देशन में बनी फिल्म हीरो नंबर 1 को लोगों ने खूब पसंद किया था. टाइगर फिल्म के रीमेक में काम करते नजर आएंगे. फिल्म को जगन शक्ति निर्देशित करेंगे, वहीं जैकी भगनानी इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे. मेकर्स इस फिल्म को बड़े पैमाने पर फिल्माना चाहते हैं, जिसमें कई इंटरनेशनल शेड्यूल होंगे. इस फिल्म की शूटिंग साल 2023 में शुरू हो सकती है. फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है.





# चालबाज़ महिला



शो 'अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल' में अफरासियाब का किरदार निभाने वाली नवीना बोले ने कहा कि कहानी में अफरासियाब एक चालबाज महिला है, जिसे पता है कि अलीबाबा के पास जादू करने की ताकत है. वहीं अलीबाबा सोचता है कि जादू सिर्फ हाथ की सफाई है, लेकिन जब उसे अपने इस टैलेंट का पता चलता है तो वह काबुल की किस्मत बदलना चाहता है. अफरासियाब चाहती है कि फातिमा इसका फायदा उठाए और वह अली से शादी करे. उन्होंने कहा कि मैं फातिमा की मां अफरासियाब हूं, जो साधारण मां नहीं है. वह चतुर है, अपनी बेटी से प्यार करती है और अपना उद्देश्य जानती है. यह शो सोनी सब पर प्रसारित होता है.

### न्यू ALBUM

# आगे बढ़ने की प्रेरणा देता 'ऑलवेज अहेड'



हिंदी और पंजाबी रैप के साथ एक अनोखा म्यूजिकल वीडियो 'ऑलवेज अहेड' रिलीज किया गया. यह गीत हमेशा विजेता बनकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है. गीतकार व गायक नवदीप सिंहजे ने कहा कि यह एक किलर ट्रैप गीत है जिसमें हिप हॉप संगीत है. यह गाना यंगस्टर्स को लाइफ में सफलता पाने के लिए हिम्मत नहीं हारने की उम्मीद जगाता है. इस गाने को हिंदी, पंजाबी और अंग्रेजी भाषा में गाया गया है. इसमें गुरशेर और 100रब नामक कलाकारों ने अपना हुनर दिखाया है. इस गाने की ऊर्जा आकर्षक और प्रेरक है. निर्माता 'मैनी ऑन द बीट ऑफ जोर रिकॉर्ड' हैं.

### TV धार्मिक

# लक्ष्मी की भूमिका निभाना अलौकिक अनुभव



शो 'मेरे साईं : श्रद्धा और सबुरी' में देवी लक्ष्मी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस इंदिरा कृष्णा ने कहा कि कहानी में जहां शिर्डी के लोग औद्योगीकरण के चलते हुए नए बदलाव के अनुसार खुद को ढाल रहे हैं, वहीं साईं बाबा उन्हें सही राह दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह पहली बार है, जब मैं किसी पौराणिक शो का हिस्सा बनी हूं और इस शो में देवी लक्ष्मी की भूमिका निभाना बड़ा अलौकिक अनुभव रहा है. यह शो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है.

### मेलोडी SONG

- फिल्म का नाम- सीता और गीता
- संगीतकार - राहुलदेव बर्मन
- गीतकार- आनंद बक्षी
- गायक -आशा भोसले, किशोर कुमार



हवा के साथ साथ,
घटा के संग संग,
ओ साथी चल...
मुझे लेके साथ चल तू,
यूं ही दिन-रात चल तू,
संभल मेरे साथ चल तू,
ले हाथों में हाथ चल तू,
ओ साथी चल...
एक तो ये मौसम है बड़ा सुहाना,
अपना तो ये दिल भी है दीवाना,
पर्बत से आके न टकरा जाना,
तू बनके बादल,
ओ साथी चल...
हंसती है ये दुनिया तो हंसने दे,
अरे नागन बनकर इस रुत को डसने दे,
मुझको अपनी आंखों में बसने दे,
ओ बनके काजल,
ओ साथी चल ...
अपनी रेशमी जुल्फें लहराने दे,
मुझको अपनी बांहों में आने दे,
थक गई आज बहुत मैं अब जाने दे ना,
मिलेंगे फिर कल,
ओ साथी चल...

**एक नज़र**

## जयपुर डेयरी ने जयपुर गोल्ड दूध के दाम 2 रुपए लीटर फिर बढ़ाए




**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। जयपुर डेयरी ने शादियों का सीजन शुरू होते ही दूध उपभोक्ताओं को महंगाई का फिर करारा झटका दिया है। डेयरी प्रशासन ने बड़ा फैसला करते हुए दूध के दाम में इजाफा किया। ये कीमत केवल एक ही ब्रांड गोल्ड पर बढ़ाए गए हैं, जबकि टोण्ड, स्टेण्डर्ड और डबल टोण्ड की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया।

जयपुर डेयरी से जारी नई रेट लिस्ट के मुताबिक गोल्ड का एक लीटर पैक कल से 60 रुपए की जगह 62 रुपए, जबकि आधा लीटर का पैक 30 की जगह 31 रुपए में मिलेगा। ये बढ़ी हुई कीमत पाँच नवंबर शाम की सप्लाई से लागू हुईं। ये दरें जयपुर और दौसा जिले में सप्लाई होने वाले दूध पर लागू की गईं हैं। आपको बता दें कि पांच सितम्बर को भी जयपुर डेयरी ने दूध की कीमतों में दो रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया था। उस समय डेयरी ने गोल्ड के अलावा टोण्ड, स्टेण्डर्ड और डबल टोण्ड की कीमतें भी बढ़ाई थी।जयपुर डेयरी ने इस साल दूध के दाम में ये तीसरी बार इजाफा किया है।

## पन्द्रहवां इंटरनेशनल फिल्म फैस्टिवल 'जिफ' जयपुर में 6 जनवरी से

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। देश दुनिया में आकर्षण का केंद्र बन चुके और अपने पन्द्रहवें साल के जश्न की तैयारियों के चलते जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल - जिफ ने चयनित फिल्मों की दूसरी सूची शनिवार को जारी कर दी है।

पहली सूची 5 अक्टूबर को जारी की गई थी। इस सूची में 40 देशों की 199 फिल्मों को स्थान मिला था शनिवार को जारी दुसरी सूची में 16 देशों की 51 फिल्मों का चयन हुआ है. ये फ़िल्में 18 देशों से 38 ज्यूरी सदस्यों ने चुनी है।

जिफ फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने बताया कि फिल्म फेस्टीवल का आयोजन 6 से 10 जनवरी 2023 तक ऑफलाइन मोड़ में होगा।भारतीय सिनेमा को आगे लेकर जाने के लिए जिफ इस बार इसी महीने से देश का सबसे बड़ा फिल्म केम्पियन शुरू करने जा रहा है।

जिफ प्रवक्ता राजेन्द्र बोड़ा ने जानकारी देते हुआ बताया कि प्रतियोगिता के लिए 06 श्रेणियों में चयनित फिल्मों में 16 फीचर फिक्शन फिल्म | 09 डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म | 21 शॉर्ट फिक्शन फिल्म | 04 शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म और 01 सॉन्ग है . इनमें 03 स्टूडेंट्स फिल्मस शामिल हैं।

चयनित फीचर फ़िल्म बंगाली भाषा में झिली और महिषासुर मर्दिनी, कन्नड़ भाषा में माता द मोंसटेरी, तमील भाषा में ऊमाई सेनाई और फियरलेस डेल्यूसन, मलयाली भाषा में अव्नोविलोना, उड़िया भाषा में टी, मराठी भाषा में सोनगया और गुलहार, हिंदी भाषा में वन लास्ट टाईम और अनॉदर ब्रिक इन द वाल, ड्रीम्स लाइव इन ट्रीज रशियन भाषा में, कोन लॉस ओस क्यू मे कवेदान स्पेनिश भाषा में और सहरी अरबी भाषा की फिल्मों का चयन हुआ है।05 दिसम्बर 2022 को नामांकित फिल्मों की तीसरी सूची जारी की जाएगी।

## प्राकृतिक आपदा में तत्काल राहत पहुंचाने 13 जिलों के 4700 आपदा मित्रों को एसडीआरएफ दे रही प्रशिक्षण

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। प्राकृतिक आपदाओं की आपात स्थितियों में समाज को सहायता प्रदान करने के लिए आपदा मित्र योजना को लागू किया गया है| जिसके अंतर्गत युवा स्वयंसेवकों को प्राकृतिक आपदाओं के मामले में राहत और बचाव कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। एसडीआरएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगो की जान बचाने और उन्हें तत्काल राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आपदा मित्र योजना की शुरुआत की गई है।

# बाराँ श्री बड़ां बालाजीधाम पर मुख्यमंत्री गहलोत ने किया उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान

### 3148 लाख के विकास कार्यो का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास,आगामी वर्ष में 2121 जोड़ों का करवाएंगे निशुल्क सार्वजनिक विवाह सम्मेलन





**हिलव्यू समाचार**
**बारां (फिरोज़ खान)**। श्री बड़ां बालाजीधाम पर गत गुरूवार को उत्कृष्ठ खिलाड़ी खेल सम्मान एवं कांग्रेस जनों के दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्थानों से हजारों की संख्या में खिलाडियों, कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान खिलाडियों को टी शर्ट, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि ट्रस्ट की ओर से भेंट की गई तथा सभी के लिए स्नेहभोज का आयोजन किया गया।

कांग्रेस जिला संगठन महामंत्री कैलाश जैन ने बताया कि श्रीबड़ां बालाजीधाम पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सी.पी.जोशी विधानसभा अध्यक्ष, गोविन्दसिंह डोटासरा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, शांति कुमार धारीवाल मंत्री नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री, भजनलाल जाटव मंत्री सार्वजनिक निर्माण विभाग, अशोक चांदना खेल मंत्री, विधायक पानाचंद मेघवाल, निर्मला सहरिया कई खिलाड़ियों व कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दर्ज की।

**मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा खिलाडियों का सम्मान किया गया, जिले के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया**ः कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिताओं से पूरे प्रदेश में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा एवं मेल मिलाप का भाव प्रबल हुआ है। इन खेलों में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं, बुजुर्गो सहित सभी वर्गो ने खेल भावनाओं के साथ विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्साह व उमंग के साथ भाग लिया। इससे बारां जिला भी अछूता नहीं रहा। उन्होने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के माध्यम से प्रदेश को कई छिपी हुई खेल प्रतिभाएं मिली है जिससे आगामी दिनों में कई खिलाडी राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिले में श्री पाश्र्वनाथ मानव सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष उर्मिला जैन भाया ने ग्रामीण ओलम्पिक के तहतः खिलाडियों एवं टीमों को विषेष प्रोत्साहन दिया मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि 26 जनवरी को राजीव गांधी शहरी ओलम्पिक प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रारंभ होगा।

मुख्यमंत्री गहलोत ने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। मंत्री प्रमोद जैन भाया का परवन परियोजना को स्वीकृत करवाने का वादा पूरा हुआ तथा इस परियोजना से शीघ्र ही आमजन एवं किसानों को लाभ मिलने लगेगा। गहलोत ने कहा कि यहां के विधायकों ने उनसे जिन विकास कार्यो की मांग की है उन्हें वह आगामी बजट में पूर्ण करने का प्रयास करेंगे उन्होनें कहा कि वह देते-देते नही थकेंगे।

मंत्री प्रमोद जैन भाया ने अपने संबोधन में कहा कि बारां जिला कृषि प्रधान पिछड़ा जिला है, और नीति आयोग ने भी राज्य के जो 5 जिले चिन्हित किये है उनमें से एक बारां जिला भी है जिसमें विकास व आगे बढ़ने के लिए अतिरिक्त सपोर्ट की आवश्यकता है।

भाया ने कहा कि आजादी के बाद जब चम्बल नदी पर बांध तन्त्र विकसित हुआ तो देश को लोकतन्त्र की मजबूत परम्परा देने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने चम्बल की नहरें विकसित करने का आशीर्वाद दिया। उसके जीर्णोद्वार के लिए आपने पिछले कार्यकाल में 1400-1500 करोड़ रू. का विशेष पैकेज दिया। और इस बार भी उस हेतु करोड़ो रूपये स्वीकृत किये। इसी के साथ तुलसा की लिफ्ट, दायीं मुख्य नहर की पांचों लिफ्टों, पार्वती कैनाल के जीर्णोद्वार, कई तालाबों के सुदृढ़ीकरण हेतु आपने व मालवीय ने सिचांई के सेक्टर को मजबूत करने के लिए हमें करोड़ों रू. दिये। परवन व सिचांई व रोड़ सेक्टर के जो काम चल रहे है इनकी प्रभावी मोनेटरिंग के निर्देश प्रदान करावे ताकि समय पर यह काम पूरे होकर बारां जिले सहित पूरे हाड़ौती के किसानों को इसका लाभ मिले।

मेरा व बारां की जनता जर्नादन का, विधायक पानाचंद, निर्मला व जिला अध्यक्ष रामचरण जी व जिला प्रमुख उर्मिला हम सभी का आपसे करबद्व हाथ जोड़कर निवेदन है कि आप बारां में रोड़, सिचांई, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा आदि के लिए विशेष सुविधाऐं प्रदान करें।

भाया ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व है कि श्री पार्श्वनाथ मानव सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट जिसकी अध्यक्षा मेरी धर्मपत्नी उर्मिला जैन है। जिनके द्वारा अगले वर्ष 2023 में 2121 जोड़ों का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उसके लिए मेरा आपसे, सी.पी. से, डोटासरा से व सभी से है कि जैसे आप पूर्व में 711 जोड़ो के विवाह सम्मेलन में पधारे थे उसके पश्चात 1111 जोड़ों का विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस बार 2121 जोड़ों का लक्ष्य है, उसमें आप पधारे और सभी को आशीर्वाद प्रदान करे।

उर्मिला जैन भाया ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान की ग्रामीण प्रतिभाएं आगे बढे, उन्हें खेलने का अवसर प्राप्त हो वह स्वस्थ रहे-स्वच्छ रहे तथा राजस्थान के विकास में भागीदारी निभाए, इसी उद्देश्य को लेकर राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक परिकल्पना को साकार करने का प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय अटरू, राजकीय महाविद्यालय केलवाडा, अंता-सांगोद रोड चोडाई एवं सुदृढीकरण, बराना-जलवाडा-नाहरगढ-पाडोन सडक, नर्सिंग कॉलेज मय हॉस्टल बारां के लिए 1240 लाख रूपए के कार्यो का शिलान्यास तथा कोटडी सूण्डा में एनीकट निर्माण एवं महाविद्यालय भवन निर्माण अंता के लिए 1908 लाख रूपए के कार्यो का लोकार्पण किया गया।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन: फील्ड में जाकर परखेंगे चिकित्सा सुविधाओं का सच



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का प्रतिनिधि मण्डल इन दिनों प्रदेश के दौरे पर हैं। यह प्रतिनिधि मंडल प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की ग्राउण्ड रिपोर्ट अब अधिकारियों से ही नहीं जानेगा बल्कि फील्ड में लाभान्वितों से बात कर तैयार करेगा। इस 15वें कॉमन रिव्यू मिशन के 16 सदस्यीय मॉनिटरिंग दल ने शनिवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित प्री-ब्रीफिंग बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति के बारे में जाना।

कॉमन रिव्यू मिशन की डॉ. इंदू ग्रेवाल के नेतृत्व में जैसलमेर एवं कोटा जिलों में जाकर मिशन की ओर से संचालित विभिन्न चिकित्सा-स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया जाएगा। स्वास्थ्य मिशन निदेशक एनएचएम सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि यह दल 11 नवम्बर तक विभिन्न जिलों में जाएगा। जिलों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से संचालित हो रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी स्थानीय लोगों से जानकारी लेगा। यह दल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में ग्राउण्ड रिपोर्ट तैयार करेगा।

### सभी परियोजनाओं को बारे में बताया

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक ने बताया कि प्रदेश दौरे पर पहुंचे कॉमन रिव्यू मिशन दल को प्रदेश में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े, इसके लिए सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को बताया जा चुका है। मिशन निदेशक सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि यह दल अपने स्तर पर जिलों में जाकर चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन कर समीक्षा रिपोर्ट तैयार करेंगे।



## तेरह जिलों के 4700 आपदा मित्रों को ट्रेनिंग

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की जान बचाने और उन्हें तत्काल राहत पहुंचाने के लिए एसडीआरएफ द्वारा राज्य के 13 जिलों के 4700 आपदा मित्रों (स्वयंसेवकों) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसडीआरएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं में समाज को सहायता प्रदान करने के लिए आपदा मित्र योजना को लागू किया गया है। इसके अंतर्गत युवा स्वयंसेवकों को प्राकृतिक आपदाओं के मामले में राहत और बचाव कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन्हें प्राकृतिक आपदा के साथ मानवीय भूल तथा भवन या उपकरणों में हुई गड़बड़ी से घटित घटनाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**बीपीआरडी द्वारा आयोजित साइबर सुरक्षा पर जागरूकता अभियान हुआ संपन्न**

## स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राओं को दिए साइबर सुरक्षा से संबंधित टिप्स

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। साइबर अपराध के प्रति युवाओं विशेषकर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान जयपुर द्वारा साइबरवीर फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुक्रवार को समापन हुआ। औपचारिक रूप से इस अभियान को टीचर्स-डे 5 सितंबर को शुरू किया गया था। केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान जयपुर में निदेशक डॉ अमनदीप सिंह कपूर आईपीएस ने बताया कि जागरूकता अभियान में सोशल मीडिया और सुरक्षा, गोपनीयता, वित्तीय धोखाधड़ी और प्रतिवाद, मैलवेयर, साइबर कानून और नैतिकता, ई-मेल सुरक्षा तथा इंटरनेट सुरक्षा टिप्स के साथ ही साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग से संबंधित विषय पर सत्र आयोजित किया गया। जिसमें अब तक कुल मिलाकर लगभग 2500 छात्रों व एक्सपर्ट्स ने हिस्सा लिया। निदेशक कपूर ने बताया कि भारत में 2019 के अनुपात में 2020 में बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध 400% तक बढ़ गए हैं। इन अपराधों में 90% अपराध बाल यौन शोषण सामग्री का प्रकाशन और प्रसारण था। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध साल 2017 में 88, 2018 में 231, 2019 में 305, 2020 में 1098 एवं 2021 में 1374 दर्ज किए गए।

समापन के अवसर पर निदेशक डॉ अमनदीप सिंह कपूर आईपीएस तथा संस्थापक और सीटीओ साइबर वीर फाउंडेशन मुकेश चौधरी ने साइबर अपराध जागरूकता पर संबोधित किया।

समापन के अवसर पर जयपुर के 9 स्कूल एवं कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए 2 प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर माहेश्वरी पब्लिक स्कूल बगरू की चारु चौधरी ने पहला स्थान, माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल विद्यालय नगर की मनस्वी अग्रवाल ने दूसरा स्थान एवं कैंब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल मानसरोवर के छात्र हार्दिक बंसल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज स्तर पर जेके लक्ष्मी पंत विश्वविद्यालय की तृषा राय ने पहला स्थान, जगन्नाथ विश्वविद्यालय के रोहित कुमार वैष्णव ने दूसरा स्थान एवं एसएस जैन सुबोध पीजी कॉलेज के यजत सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**10 हजार जयपुरवासियों ने की शिरक़त**

# पंडित सुरेश मिश्रा द्वारा आयोजित जयपुर का सबसे बड़ा दिवाली मिलन समारोह सम्पन्न

**कुलदीप गुप्ता**
**जयपुर**। संस्कृति युवा संस्था एवं विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों की ओर से 1 नवम्बर को जयपुर का सबसे बड़ा दिवाली मिलन समारोह जवाहर सर्किल स्थित होटल में सायं 7:00 बजे से आयोजित किया गया जिसमें 10 हजार से ज्यादा जयपुरवासियों ने शिरकत की। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेशमिश्रा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट थे।



इस अवसर पर कार्यक्रम में जयपुर पूर्व मेयर विष्णु लाटा,पूर्व सांसद गोपाल सिंह शेखावत, पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल, राज्यमंत्री बृजकिशोर शर्मा, विप्र आयोग के चेयरमैन महेश शर्मा, विधायक राकेश पारीक, कांग्रेस नेता सीताराम अग्रवाल, प्रशांत शर्मा सर्व ब्राह्मण महासभा के जयपुर शहरअध्यक्ष अनिल सारस्वत, युवा अध्यक्ष अविकुल शर्मा, गौरव धामाणी, अंतर्राश्ट्रीय मारवाडी सम्मेलन के अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, रोटरी क्लब जयपुर मैट्रो के अध्यक्ष जय सिंह , संस्कृति युवा संस्था से संरक्षक एच.सी. गणेसिया, गौरव धामनी , राष्ट्रीयउपाध्यक्ष अखिल भारतीय खण्डेलवाल वैश्यमहासभा के राधेशरण खण्डेलवाल, फोर्टी के पूर्व अध्यक्ष आर.एस. जैमनी, सुरेश अग्रवाल, बिल्डर्स एसोसिएशन से गोपाल गुप्ता, रामगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष हुकुम चन्द्र अग्रवाल, घोडा निकास रोड व्यापार मण्डल के अध्यक्ष गुलाब चंद श्रीमाल, एम.आई रोड व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सर्व ब्राह्मण लायन्स क्लब के अध्यक्ष इन्द्रजीत गोयल, विमल बज, वैश्य समाज की अध्यक्ष एडवोकेट चित्रा गोयल, श्रीराजपूत करणी सेना से श्याम प्रताप सिंह, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के महामंत्री देवेन्द्र सक्सेना मधुकर, श्रीमाल समाज के अध्यक्ष पप्पू श्रीमाल, जयपुर विवाह स्थल समिति के संरक्षक मोहन लाल अग्रवाल, पंजाबी समाज के अध्यक्ष दुर्गेश दुआ, सिंधी समाज से बलदेव जीवनानी, ने अपने समाज बंधुओं के साथ बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।यह जयपुर शहरका पहला दिवाली मिलन समारोह हुआ जिसमें हर समाज के व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

इस अवसर पर गाय पूजन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया स्वागाध्यक्ष हर्षित शर्मा ने श्री सचिन पायलट को गाय-बछडे का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

## जयपुर में 14 नवंबर को लगेगा रोजगार मेला



**जयपुर**। राजस्थान के रोजगार विभाग द्वारा 14 नवंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार में मेले में देशभर की 50 नामी कंपनियां जुटेंगी। इस रोजगार मेले में करीब दस हजार लोगों को नौकरी देने की तैयारी है। राजधानी के बिड़ला ऑडिटोरियम में रोजगार मेला लगाया जाएगा। आरएसएलडीसी के प्रबंध निदेशक रेणु जयपाल ने बताया कि अब हर संभाग पर रोजगार मेला लगाने की तैयारी है। पहले चरण में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जयपुर से शुरुआत हो रही है।

# वरिष्ठ पत्रकार रजत के निधन पर राजस्थान के पत्रकारों में शोक की लहर

**हिलव्यू समाचार**
**कोटा**। वरिष्ठ पत्रकार रजत खन्ना का गत शुक्रवार रात निधन हो गया। रजत खन्ना ने दैनिक पंजाब केसरी,राजस्थान पत्रिका,दैनिक भास्कर सहित राष्ट्रीय स्तर के कई अखबारों में पत्रकारिता की थी। वर्तमान में वे एसटी न्यूज चैनल के स्पेशल गेस्ट कार्यक्रम के होस्ट थे। वह एक निष्पक्ष, निडर और सच को सच कहने वाले व्यक्तित्व के धनी पत्रकार थे। रजत खन्ना के निधन पर उनको श्रद्धांजलि देते हुए जन संपर्क विभाग के पूर्व ज्वाइंट डायरेक्टर , पत्रकार और लेखक डॉक्टर प्रभात कुमार सिंघल ने कहा कि रजत पत्रकारिता जगत में एक मिसाल थे। उनका असामयिक निधन से पत्रकारिता जगत की बड़ी क्षति है।

स्वतन्त्र पत्रकार के डी अब्बासी ने कहा एक अच्छा मित्र चला गया। मैंने सदैव उन्हें सहयोगी के रूप में पाया और व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए अपूरणीय क्षति है। भारत की महिमा के प्रधान संपादक डी. एन गांधी, संपादक बृजराज सिंह सोलंकी, सहायक संपादक कादर खान, ओमेंद्र सक्सेना , दैनिक राष्ट्र के वाचन के सम्पादक और प्रेस क्लब अध्यक्ष गजेंद्र व्यास, वरिष्ठ पत्रकार हेमंत शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अनिल भारद्वाज, कोटा ब्यरो की सम्पादक कय्यूम अली, वरिष्ठ पत्रकार एडवोकेट अख्तर खान अकेला, न्यूज़ 18 के ओम प्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार ओम कटारा, दैनिक कलम का अधिकार कोटा



संकरण के सम्पादक के एल जैन,वरिष्ठ पत्रकार धीरज गुप्ता तेज, वरिष्ठ पत्रकार ओम कटारा, दैनिक राष्ट्रदूत के स्थानीय संपादक श्याम रोहिड़ा, वरिष्ठ और स्वतंत्र पत्रकार सुबोध जैन, वरिष्ठ पत्रकार सुधींद्र गोड, चम्बल की गोद के संपादक सुभाष देवड़ा, यंग एचीवर न्यूज़ के पत्रकार यतीश व्यास, दैनिक राजमार्ग के स्थानीय संपादक योगेश सेन, नफा नुकसान के स्थानीय संपादक नीलेश शर्मा, दैनिक इवनिग न्यूज़ के संपादक मनोहर पारीक , एन डी टीवी के ब्यरो चीफ शाकिर अली, वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण के ब्यरो चीफ योगेंद्र योगी, न्यूज़ न्यूज़ नेशन और आर भारत न्यूज़ चैनल के ब्यरो चीफ न्याज मोहम्मद, पत्रकार यतीश व्यास, दैनिक निरीक्षक के जितेंद्र शर्मा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक हरीओम सिंह चंदेल, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग परिवार ने,जी न्यूज के. के. शर्मा, फर्स्ट इंडिया न्यूज़ चैनल के भंवर एस. चरण, गुल मोहम्मद, सन न्यूज़ चैनल के पंकज पारीक, असलम रोमी, हिंदुस्तान एक्सप्रेस के चीफ रमेश चंद्र गोतम, कोटा की महिमा गिरीश गुप्ता,स्वतंत्र पत्रकार धीरज गुप्ता, दैनिक संचार समाचार पत्र के नीरज गुप्ता,शम्मी कपूर, ईटीवी के मनीष, राजस्थान पत्रिका के जयप्रकाश सिंह, दैनिक देश की धरती के राजेश जैन, दैनिक भास्कर के सुनील राजा सहित प्रदेश के सभी पत्रकारों व मीडिया ने इस क्षति पर शोक व्यक्त किया है। **हिलव्यू समाचार परिवार भी श्री रजत खन्ना को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।**

## वन एवं पर्यावरण मंत्री पहुंचे सरिस्का

# व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



हिलव्यू समाचार
अलवर। वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी को सरिस्का अभयारण्य पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों की बैठक ली व सरिस्का बाघ परियोजना क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री चौधरी ने सरिस्का बाघ परियोजना के अधिकारियों से बाघों की मॉनिटरिंग एवं उनकी ट्रेकिंग व्यवस्था तथा रणथम्भौर से लाए गए बाघों की वर्तमान स्थिति, मूवमेंट के क्षेत्र, उनके स्वास्थ्य आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वन क्षेत्रों का निरीक्षण कर वन्यजीवों के लिए पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए मॉनिटरिंग व्यवस्था मजबूत करें। उन्होंने सरिस्का प्रशासन द्वारा वन क्षेत्र में कराए गए जूलीफ्लोरा एवं अन्य खरपतवारों के उन्मूलन कार्यों का अवलोकन कर कार्यों की सराहना की। साथ ही इस कार्य को अनवरत जारी रखने के लिए कहा। उन्होंने बना व कालीघाटी चौकी पर तैनात कार्मिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को भी सुना।

### जनप्रतिनिधियों ने जताया आभार

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मंत्री हेमाराम चौधरी का स्वागत कर बाघ परियोजना सरिस्का में नए बाघों को शिफ्ट करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सरिस्का क्षेत्र के आस-पास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होटल बनाने वाले इच्छुक व्यक्तियों को रियायती दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने एवं भूमि आरक्षित कराए जाने की मांग भी रखी।

## जोधपुर में सनकी युवक का खूनी खेल

# माता-पिता और दो बेटों को उतारा मौत के घाट



**हिलव्यू समाचार**
**जोधपुर**। जोधपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। युवक ने अपने माता-पिता और दो बेटों की हत्या कर खुद ने सुसाइड कर लिया। इसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना जोधपुर के लोहावट गांव की है। यहां एक युवक ने मां-बाप व दो बेटों की हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया और खुद भी कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस के अधिकारी व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही हैं।

जोधपुर के लोहावट क्षेत्र में शुक्रवार को सनकी युवक ने दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया। लोहावट के पीलवा गांव में एक कुएं से एक साथ पांच शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। युवक ने अपना पूरा परिवार ही खत्म कर दिया। साथ ही खुद भी कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। लोहावट थाना अधिकारी बद्री प्रसाद ने बताया कि किसान शंकरलाल ने पहले अपने पिता सोनाराम पर कुल्हाड़ी से हमला कर उनको घायल कर दिया और मौके से भाग गया। सोनाराम को घायल देख कुछ लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद शंकरलाल ने घर पहुंच कर अपने परिजनों के बने खाने में नींद की गोलियां मिला दीं। इससे सभी बेहोश हो गए और उसके बाद मां व दो बेटों को बारी-बारी से घर में बने कुएं में फेंक दिया।

### कुएं में एक साथ तैरते मिले पांच शव

शंकरलाल ने अपने पिता सोनाराम, माता चंपा व बेटों लक्ष्मण और दिनेश की हत्या कर सभी के शव कुएं में डाल दिए। इसके बाद खुद भी कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह आसपास के लोगों ने शंकरलाल के घर में बने कुएं में एक साथ पांच शव तैरते देखे तो सभी के होश उड़ गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पीलवां गांव निवासी शंकरलाल अफीम का नशा करता था। पुलिस को संदेह है कि उसने अपने परिवार के सदस्यों को नशीला पदार्थ दिया था क्योंकि घटना के वक्त मकान में ही मौजूद उसकी पत्नी और अन्य लोगों को इस बारे में कुछ पता नहीं चला।

## कोटा की महावीर नगर कॉलोनी का मामला



# घर के किचन में घुसा तेंदुआ चार लोगों को किया घायल

### ■ वन विभाग की टीम ने ट्रैंकुलाइज कर पकड़ा

**हिलव्यू समाचार**
**कोटा**। यहां एक घर में शनिवार सुबह तेंदुआ घुस गया। वह किचन में जाकर बैठ गया। रसोई में तेंदुए को देख घर में रहने वाले लोग एक बार तो कांप उठे। जैसे-तैसे दम्पती ने अपने आपको एक कमरे में बंद किया। इस दौरान वे अपनी जान बचाने के लिए चिल्लाते रहे और तेंदुआ किचन में गुर्राता रहा। मकाने से चीखने की आवाजें सुनकर पड़ोसियों ने वन विभाग के कार्यालय में सूचना दी।

इसके बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद ट्रेंकुलाइज करके तेंदुए को काबू किया। उसे अभेडा बायोलॉजिकल पार्क ले जाया गया। लेकिन इससे पहले ही वह चार लोगों को पंजा मारकर घायल कर चुका था। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह 5 बजे महावीर नगर कॉलोनी के शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल के आस-पास तेंदुआ देखा गया था। उसने यहां अलग-अलग जगहों पर 4 लोगों पर हमला किया। लोगों का शोर सुनकर वह एक घर की छत पर चढ़ गया। यहां से सीढ़ियों के सहारे उतरकर एक घर के किचन में घुस गया। वन विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो तेंदुआ किचन में ही था। टीम ने उसे ट्रेंकुलाइज कर बेहोश किया, इसके बाद डंडे में कपड़ा बांधकर उसकी आंखों के पास ले जाकर यह श्योर किया कि वह बेहोश हो गया है। इसके बाद उसे वहां से ले जाया गया।

### गुर्राने की आवाज आई, देखा तो तेंदुआ

जिस घर में तेंदुआ घुसा, उस घर में रहने वाली ऊषा नंदवाना ने बताया कि मैं घर का काम कर रही थी। पति दूसरे कमरे में थे, तभी गुर्राने की आवाज आई। देखा तो तेंदुआ था। वह किचन में घुस गया। हम पति-पत्नी एक कमरे में गए और दरवाजा बंद कर लिया। मदद के लिए आवाज लगाई, पड़ोसियों और रिश्तेदारों को फोन किया। ऊषा के पति गिरिजा शंकर ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे तेंदुआ घुसा था।

### चंबल के जंगल से आने का शक

एडीएम सिटी ब्रजमोहन बैरवा ने बताया कि दो-तीन लोगों पर तेंदुए ने अटैक किया है। उनकी स्थिति गंभीर नहीं है। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। तेंदुआ कहां से आया है। अभी इसकी जानकारी नहीं है। यह इलाका चंबल नदी से नजदीक है। चंबल के किनारे जंगल है। वहीं से तेंदुआ आया होगा। अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। तेंदुए को पकड़ लिया गया है।

### किसी को छत तो किसी को पोर्च में दिखा



तेंदुए के हमले से घायल हुए रामविलास मीणा (56) ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे पक्षियों को दाना डालने के लिए जैसे ही छत का दरवाजा खोला, सामने तेंदुआ नजर आया। उसने हमला कर दिया। एक अन्य घायल मयंक मीणा ने बताया कि सुबह 6 बजे घर का गेट खोलने गया था। उस समय तेंदुआ नीचे बैठा हुआ था। फिर वह ऊपर आ गया और हमला करके भाग गया। तेंदुए ने दूसरी गली में दो लोगों पर अटैक किया। हरिशंकर वर्मा ने बताया कि मैंने दरवाजा खोला तो पोर्च में तेंदुआ बैठा था। वह मेरी तरफ लपका। वह पंजों से वार करने लगा। जैसे-तैसे तेंदुए को धकेलकर अंदर भागा।

## एक नज़र



# 07 वर्ष पुरानी रंजिश को लेकर की गयी थी हत्या

## हत्या को दिया गया था एक्सीडेन्ट का रूप

**हिलव्यू समाचार**
**बारां**। हरनावदाशाहजी थाना पुलिस ने 04 नवम्बर को हत्या के मामले का खुलासा कर मुख्य आरोपी रामनिवास लोधा पुत्र नेमी चन्द निवासी गांव झनझनी को गिरफ्तार किया। 7 साल पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने अपने पिता व भाई के साथ मिलकर गांव के ही एक युवक की हत्या कर दी और हत्या को एक्सीडेंट का रूप देना चाहा।

बारां एसपी कल्याणमल मीणा ने बताया कि 02 नवम्बर की रात करीब 8.30 बजे खैरखजूरिया रोड कालाभाटा झनझनी के पास कार से एक्सीडेण्ट होने की सूचना पर थानाधिकारी रामपाल शर्मा मय टीम के तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर एक व्यक्ति खून से लथपथ हालत में मिला। मृतक की पहचान गजानन्द लोधा पुत्र गिरधारी निवासी झनझनी के रूप में हुई। परिजनों को सूचना देकर व्यक्ति को सीएचसी हरनावदाशाहजी लेकर गये। जहां डॉक्टर ने उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

इसी दौरान गुरुवार को मृतक गजानन्द का साथी चैन सिंह लोधा निवासी खैरखजूरिया घायल हालत में सीएचसी आया। जिसने एक रिपोर्ट दी, जिसमें बताया कि कल शाम को वह गजानन्द के साथ गांव झनझनी से खैरखजूरिया जा रहा था। रास्ते मे कालाभाटा के पास सामने से एक ईको कार आकर रूकी। कार सवार नेमीचंद व उसके बेटे रामनिवास व नवल लोधा निवासी झनझनी उन दोनों के साथ लकडियों से मारपीट करने लगे। उसने बडी मुश्किल भागकर जान बचाई। फिर उसे पता चला कि गजानन्द मर चुका है। इत्यादि पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। एसपी मीणा द्वारा मामले को गम्भीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिनेन्द्र जैन के निर्देशन व वृताधिकारी पूजा नागर के सुपरवीजन तथा थानाधिकारी रामपाल के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य इकट्ठे किये। घटना स्थल से जुटाए गये साक्ष्यों के आधार पर धटना में शामिल वांछित आरोपी रामनिवास को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी रामनिवास से विस्तृत पूछताछ कर शेष आरोपियों की तलाश जारी है।




# जाग्रत महिला संगठन ने ज्ञापन दिया

**बारां (फिरोज़ ख़ान)**। शाहाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत निवाड़ी मुख्यालय पर जाग्रत महिला संगठन की महिलाओं ने आवास व कॉलोनी में सीसी निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।निवाड़ी रोड़ वाली कॉलोनी में प्रथम वाली कॉलोनी व द्वितीय वाली कॉलोनी के कुछ हिस्से में सीसी रोड व इंटरलॉकिंग का निर्माण करवाकर राहत दी जाए।वही सहरिया जनजाति के परिवारों को अभी तक भी पीएम आवास योजना का लाभ नही मिला है उन्होंने ग्राम पंचायत निवाड़ी में रोजगार सहायक धर्मेंद्र शर्मा को ज्ञापन देकर मांग रखी। ज्ञापन संगठन की गोबरी बाई, शांति बाई, रामकली बाई, किरण बाई, सीता बाई, निर्मला बाई, गोबरी बाई, राजकुमारी,रामकली,टीना, राहुल,आरती द्वारा दिया गया।

## फ़ोटो ऑफ द वीक









### शायद वक़्त की दरकार यही है कि दिमाग़ी घोड़ो को सियासी दौड़ों से दूर किसी तालाब में छोड़ दिया जाए

जेडीबी कॉलेज कोटा के सामने बादलों में हवा से बातें करते हुए घोड़े स्थापित थे वहाँ अब गाँधी पटेल नेहरू स्थापित हो गए जो उपरोक्त हेडिंग की पंक्ति पर गहन मंथन करते प्रतीत हो रहे हैं। ऐसे में अब ये घोड़े किशोर सागर तालाब में लगाए जा चुके हैं । घोड़ों के स्थानान्तरण से पूर्व घोड़ों की स्थिति थी कि कुछ सड़क पर खड़े थे,कुछ जलयान पर अड़े थे, कुछ क्रेन पर पड़े थे अब तालाब में जाकर.......थम गयी है इनकी उड़ान।

**- शालिनी श्रीवास्तव**

**सभी फोटो**
सुधीन्द्र गौड़,कोटा

## एक नज़र

### महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव के लिए तैयार रहें पार्टी कार्यकर्ता: उद्धव



**एजेंसी**
**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव का शनिवार को अनुमान जताया और पार्टी कार्यकर्ताओं से तैयारी शुरू करने को कहा। ठाकरे यहां पार्टी मुख्यालय 'सेना भवन' में पार्टी के विधानसभा क्षेत्र स्तर के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अरविंद सावंत ने कहा कि ठाकरे ने राज्य में जल्द ही मध्यावधि विधानसभा चुनाव का अनुमान जताया और कार्यकर्ताओं से तैयारी शुरू करने को कहा। सावंत ने कहा कि मध्यावधि चुनाव अपरिहार्य है क्योंकि प्रधानमंत्री ने गुरुवार को महाराष्ट्र के लिए दो लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं की घोषणा की। दक्षिण मुंबई के सांसद ने कहा कि जिस तरह हिमाचल प्रदेश और गुजरात में मतदाताओं को पैकेज और घोषणाओं से लुभाया जा रहा है, उसी तरह पीएम की इस घोषणा से संकेत मिलता है कि महाराष्ट्र में चुनाव होंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि पीएम जिन परियोजनाओं के बारे में बात कर रहे थे, उनके ब्योरे के बारे में कोई स्पष्टता नहीं थी।

### शिवसेना नेता की हत्या करने वाला सात दिन की रिमांड पर



**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में शिवसेना (टकसाली) नेता सुधीर सूरी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप सिंह की कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। उधर, सुधीर सूरी के शव का पोस्टमॉर्टम शनिवार को अमृतसर के राजकीय चिकित्सा कॉलेज (जीएमसी) में किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जीएमसी के पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बाद में शव को अंतिम संस्कार के लिए सूरी के परिवार को सौंप दिया जाएगा। उधर, सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी शिवसेना नेता सुधीर सूरी की हत्या की जांच अपने हाथ में ले सकती है। इस मामले के आरोपियों के खालिस्तानी आतंकवादी समूहों के साथ कथित संबंध बताए जा रहे हैं।

### काशी के रेलवे स्टेशन का होगा पुनर्विकास: रेल मंत्री वैष्णव



**वाराणसी (उप्र)।** रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण काशी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा और इसका डिजाइन काशी के धार्मिक और मंदिरों की संस्कृति को ध्यान में रख कर तैयार किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि 350 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन का पुनर्विकास करने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। रेल मंत्री ने अपने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को काशी स्टेशन और राजघाट पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्टेशन का डिजाइन काशी के धार्मिक और मंदिरों की संस्कृति को ध्यान में रख कर तैयार किया जाएगा। काशी स्टेशन को जल और नभ मार्ग से जोड़ने की भी तैयारी है। इसकी डिजाइनिंग पर काम चल रहा है।

# खाद्य सामग्री का खोना राज्य सरकार की नाकामी, ज़िम्मेदार लोग जनता से माफ़ी मांगे : मीनाक्षी जैदी आप नेता

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता में आप नेता मीनाक्षी जैदी ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश मे भुखमरी तेजी से बढ़ रही है। इन हालात में राजस्थान की स्थिति और भी ज्यादा ख़राब हो रही है क्योंकि राज्य सरकार खाद्य सुरक्षा योजना के तहत उपलब्ध होने वाले अनाज को भुखमरी के शिकार लोगों तक पहुंचाने में नाकाम है।




आम आदमी पार्टी राजस्थान का आरोप है कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 46 हजार टन अनाज लेप्स हुआ क्योंकि राज्य सरकार राशन का वितरण का काम ठीक से नहीं कर पाई। शर्मनाक बात यह है कि यह जिम्मेदारी मुख्यमंत्री, अशोक गहलोत, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री प्रतापसिंह खचरियावास की बनती है लेकिन सरकार के मंत्री अधिकारियों को दोषी ठहरा कर खुद ज़िम्मेदारी से भाग जाना चाहते हैं।हमारी मांग है कि राजस्थान में इस सम्बन्ध में एक खाद्य सुरक्षा की हाई पावरएड कमिटी बने जिसके अध्यक्ष रिटायर्ड हाई कोर्ट जज हों, इसमें सिविल सोसाइटी के लोगों को जोड़ा जाए और इस फील्ड के एक्सपर्टस भी शामिल हों। ऐसी कमिटी की देखरेख में खाद्य सामग्री का वितरण होना चाहिए।

आम आदमी पार्टी नेता और पूर्व राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी मीनाक्षी सेठी जैदी ने आरोप लगाया कि राजस्थान में पिछले पांच साल में जनता का कोई काम नहीं हुआ। महज जोड़-तोड़, गुटबाजी, भ्रष्टाचार और भाईभतीजावाद की राजनीति चली है। आज भी खचरियावास अधिकारियों की ए सी आर लिखने के अधिकार दिए जाने की मांग उठा कर अपने नाकारापन पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं।

जैदी ने कहा कि इस लेप्स के कारण जिस गरीब जनता को जो दिक्कत पेश आई है उनसे सरकार माफी मांगे और आगे ऐसी समस्या नहीं होगी उसके लिए क्या उपाय किये गए है , उसका प्लान जनता के सामने रखें। सरकार की नाकामी एक खाद्य के मोर्चे पर ही नहीं है बल्कि कानून व्यवस्था, बिजली-पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में हालात और भी ज्यादा खराब हैं। लेकिन खाद्य एवं आपूर्ति के मोर्चे पर असलियत जनता के सामने लाने की ज़रूरत है।

राजस्थान में 46000 टन गेहूं लैप्स हो गया, क्योंकि सरकार द्वारा उसको काम में लेने का सर्टिफिकेट नहीं दिया गया। इस गेहूं से 92 लाख लोग ( 5 किलो प्रति व्यक्ति ) लोग अपने अधिकार से वंचित हो गये। समस्याएं और भी है जिनके चलते भुखमरी की कगार पर बैठे लोगों तक अनाज नहीं पहुंच पा रहा है।

हज़ारों लोग खाद्य सुरक्षा योजना में पंजीकारण नहीं करवा पा रहे क्योंकि तीन स्तरों पर वेरिफिकेशन होता हैं ( ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, उपखण्ड स्तर), ये एक जटिल प्रक्रिया है

लाखों लोग जो पहले से पंजीकृत हैं, उन्हें गेहूं और राशन नहीं मिल पा रहा हैं क्योंकि या तो मशीन उनके फिंगर प्रिंट्स को रीड नहीं कर पाती ( गरीब, मज़दूरों के फिंगर प्रिंट्स काम करने से बदल जाते हैं ) या फिर राशन दुकान वाला उनसे सहयोग नहीं करता या अपात्र लोगों को पंजीकृत कर दिया गया हैं, शादी होते ही लोग अलग राशन कार्ड बना कर दोहरा फायदा उठाते हैं उस पर सरकार का ये गैर ज़िम्मेदाराना रवैया प्रशासनिक विफलता हैं।

### इस सम्बन्ध में हम राज्य सरकार को कुछ सुझाव भी देना चाहते हैं

1. इस सम्बन्ध में एक खाद्य सुरक्षा हाई पावरएड कमिटी बने जिसके अध्यक्ष रिटायर्ड हाई कोर्ट जज हों, इसमें सिविल सोसाइटी के लोगों को जोड़ा जाए और इस फील्ड के एक्सपर्टस हों।
2. नीचे से मंत्री स्तर तक अनुमति कि समबद्ध व्यवस्था हो जो ऑनलाइन हो, इसमें पता चल सके कि किस स्तर पर कितना टाइम लगा( लोक सेवा गारंटी अधिनियम मज़ाक बन कर रह गया है।)
3. राशन कि दुकानों के खुलने और बंद होने का टाइम फिक्स हो और उसकी प्रॉपर मॉनिटरिंग हो।
4. राशन कि दुकानों पर गेहूं के साथ साथ चावल,दाल,तेल भी मिलना चाहिए।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार को घेरा

# 'दो करोड़ नौकरियां देने के वादे का क्या हुआ, मोदी मौन क्यों'



**एजेंसी** | नई दिल्ली
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार के विभागों में खाली पड़े पदों और भाजपा के हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के वादों का उल्लेख करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार युवाओं के लिए नया अवसर पैदा करने में विफल रही है। उन्होंने यह सवाल भी किया कि आठ साल में 16 करोड़ नौकरियों देने का वादे का क्या हुआ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर मौन क्यों हैं? खरगे ने रिक्त पदों से जुड़े कुछ आंकड़े साझा करते हुए ट्वीट किया, 'मोदी जी हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा कर सत्ता में आए थे। हर साल अच्छे वेतन वाली दो करोड़ नौकरियों का सृजन करना तो भूल जाइए, भाजपा सरकार विगत आठ वर्षों में केंद्र सरकार में खाली पड़े 10 लाख पदों को भरने के बारे में सोच भी नहीं सकी।' कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने में विफल रही है। उन्होंने तंज कसते हुए हुए सवाल किया, 'इन दिनों हम 'मेक इन इंडिया' और 'स्किल इंडिया' के बारे में बहुत कुछ नहीं सुनते। इन कार्यक्रमों और इनसे जुड़े नारों का क्या हुआ? आठ साल में 16 करोड़ नौकरियां कहां हैं? मौन क्यों हैं, मोदी जी?'

### हिमाचल प्रदेश के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र




### तेलंगाना में जनसभा कल

**हैदाराबाद।** राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' के महाराष्ट्र में प्रवेश करने से पहले जुक्कल में 7 नवंबर को एक जनसभा का संबोधित करेंगे। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को आयोजन स्थल का दौरा किया। तेलंगाना में यह पदयात्रा 24 अक्टूबर से शुरू हुई थी और सात नवंबर को संपन्न होगी तथा इसके बाद महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी। शुक्रवार को एक दिन के विराम के बाद यात्रा फिर शुरू हुई।

### एक लाख लोगों को रोजगार और सस्ती बिजली देने की घोषणा

**एजेंसी** | शिमला
हिमाचल प्रदेश चुनाव के लिए कांग्रेस ने शनिवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। इसमें कहा गया है कि पहली कैबिनेट बैठक में 1 लाख लोगों को रोजगार देने का काम किया जाएगा। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में हिमाचल की जनता को 10 गारंटी देने का वादा किया है, जिसमें महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह, 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 2 रुपए प्रति किलो गाय के गोबर की खरीद शामिल है। इसके अलावा पार्टी ने पुरानी पेंशन योजना और प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में 10 करोड़ 'स्टार्टअप निधि' देने का वादा किया है।कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि फलों की कीमत बागवान ही तय करेंगे। साथ ही हर विधानसभा क्षेत्र में चार अंग्रेजी स्कूल खोले जाने की बात कही गई है।

#### हिमाचल प्रदेश में मतदान 12 को

हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना 8 दिसंबर को होनी है। कांग्रेस राज्य में सत्ता विरोधी लहर को भुनाने की कोशिश कर रही है और मतदाताओं से भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की अपील कर रही है। दूसरी ओर, बीजेपी दोबारा सत्ता में बने रहने की कोशिश में लगी हुई है। भाजपा नेता इस बार राज्य में रिवाज बदलने का

### हथियार की बरामदगी के अभाव में आरोपी को हत्या का दोषी ठहराया जा सकता है?

**दिनेश शर्मा "अधिकारी "**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक हत्या के मामले में तीन आरोपियों को बरी करने के मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को पलट दिया, यह मानते हुए कि अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी आरोपी को दोषी ठहराने के लिए एक अनिवार्य शर्त नहीं है।

न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने फैसला सुनाया कि आरोपी के वकील की यह दलील कि मूल मुखबिर और अन्य स्वतंत्र गवाहों से पूछताछ नहीं की गई थी और हथियार की बरामदगी साबित नहीं हुई थी, और इस तरह आरोपी को बरी कर दिया जाना चाहिए, स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

बेंच ने कहा कि यह मानते हुए कि प्रयुक्त हथियार की बरामदगी स्थापित नहीं है या साबित नहीं हुई है, प्रत्यक्षदर्शी के प्रत्यक्ष साक्ष्य होने पर अभियुक्त को बरी करने का आधार नहीं हो सकता है। अपराध करने में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी अभियुक्त को दोषी ठहराने के लिए अनिवार्य शर्त नहीं है। प्रत्यक्षदर्शी के रूप में प्रत्यक्ष साक्ष्य होने पर हथियार की बरामदगी के अभाव में भी आरोपी को दोषी ठहराया जा सकता है।

कोर्ट ने यह भी फैसला सुनाया कि प्राथमिकी/शिकायत दर्ज करने के समय के संबंध में कुछ अंतर्विरोधों के मामले में भी अभियुक्त को बरी करने का आधार नहीं हो सकता है, जबकि अभियोजन का मामला चश्मदीद गवाह के बयान पर आधारित है।

कोर्ट ने कहा कि PW1 एक चश्मदीद गवाह है और उसने अभियोजन पक्ष के मामले का पूरा समर्थन किया है। कानून की स्थापित स्थिति के अनुसार, एकमात्र चश्मदीद गवाह के बयान के आधार पर सजा हो सकती है, अगर उक्त गवाह भरोसेमंद या विश्वसनीय पाया जाता है। जैसा कि यहां ऊपर देखा गया है, PW1 की विश्वसनीयता और विश्वसनीयता पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है। इसलिए, केवल पीडब्लू1 के बयान पर ही अभियुक्त को दोषी ठहराना सुरक्षित होगा।




उच्च न्यायालय के बरी होने को खारिज करते हुए, पीठ ने निचली अदालत के उस फैसले को बहाल कर दिया जिसमें आरोपी को दोषी ठहराया गया था और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अगस्त 2013 में गिरफ्तार किए गए प्रतिवादियों पर एक व्यक्ति की हत्या का आरोप लगाया गया था।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी ने उस कार को बाधित किया जिसमें पीड़ित और अन्य लोग यात्रा कर रहे थे, उसके साथ मारपीट की और उसकी चोटों के परिणामस्वरूप उसकी मृत्यु हो गई। ट्रायल कोर्ट द्वारा तीनों प्रतिवादियों को दोषी ठहराए जाने के बाद, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की, जिसने उन्हें बरी कर दिया।सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की अपीलों को स्वीकार करते हुए सजा का सामना करने के लिए छह सप्ताह के भीतर अदालत या जेल अधिकारियों के सामने पेश होने का आदेश दिया । यदि आरोपी निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो अदालत या पुलिस अधीक्षक उन्हें सजा काटने के लिए हिरासत में ले लेंगे।

## देश की नामचीन 41 हस्तियों को राष्ट्रीय ब्राह्मण शिरोमणी अवार्ड

# देश में बनेगी चाणक्य सेना, अत्याचार व अनाचार के ख़िलाफ़ ब्राह्मण आगे आयेगा

**हिलव्यू समाचार**
**नई दिल्ली।** देशभर में ब्राह्मणों की चाणक्य सेना का निर्माण किया जायेगा। जो कि किसी भी अत्याचार अनाचार के ख़िलाफ़ मुखर होकर बोलेगी। साथ ही पूरे देश में ज्योतिष, वास्तु एवं कर्मकाण्ड के सेंटर स्थापित किये जायेगें। यह निर्णय सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ब्राह्मण अधिवेशन में हुआ।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि आज ब्राह्मण समाज संघर्ष काल में जी रहा है। उसे अपने अतीत को सुरक्षित रखते हुए वर्तमान युग के साथ सामंजस्य बैठाना है और संस्कारों को आगे बढ़ाना है।समारोह के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर परम पूज्य स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि ब्राह्मण सभी को दिशा दें और संस्कारों को आगे बढ़ाये तो निश्चित रूप से समाज के सभी वर्गो का उत्थान हो पायेगा। समाज के सभी वर्गो में ब्राह्मणों का सम्मान है लेकिन आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सब एकजुट रहकर नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाएं और वर्तमान परिस्थितियों में देश और दुनिया के साथ चलते हुए भारतीय संस्कारों को पूरे विश्व में फैलायें।इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधिपति मा. जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्रा ने कहा कि विश्वभर के ब्राह्मणों को सामूहिक रूप से संगठित होकर कार्य करना पड़ेगा साथ ही इन्होने पण्डित सुरेश मिश्रा को पुरे विश्व में ब्राह्मणों को संगठित करने के लिये कहा।समारोह के विशिष्ट अतिथि कानून विधि एच.सी. गणेशिया ने ब्राह्मणों की दशा और दिशा पर प्रकाश डाला, ब्राह्मण सम्मान समागन समारोह के संयोजक राकेश के शुक्ला ने महासभा की भावी गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी दो माह में पूरे देश में चाणक्य सेना का निर्माण किया जाएगा और 5 जनवरी को इसकी आधिकारिक घोषणा हो जायेगी। ज्योतिष, वास्तु एवं कर्मकाण्ड के सेंटर देश में स्थापित किये जायेंगे और देशभर के ब्राह्मण संगठनों को एकजुट करके वर्ष 2023 में दिल्ली में ब्राह्मणों का बड़ा शक्ति प्रदर्शन होगा। इस अवसर पर सुदीप तिवाड़ी शिक्षा सचिव घाटा मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट ने सर्व ब्राह्मण महासभा की शिक्षा योजनाओं में सहायता देने की घोषणा की हैं । महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।



राष्ट्रीय स्तरीय इस समारोह में पुरे देश से 25 राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया साथ ही पुरे देश में ब्राह्मण संगठनों को एकजुट करने की ज़िम्मेदारी भी पंडित सुरेश मिश्रा को दी गई ।इस अवसर पर''राष्ट्रीय ब्राह्मण शिरोमणी'' सम्मान से प्रमुख रूप से विश्वपति त्रिवेदी-भारतीय प्रशासनिक सेवा (दिल्ली), आनंद कुमार मिश्रा-भारतीय पुलिस सेवा (दिल्ली), मुकेश त्यागी-फिल्म निर्माण (मुम्बई), एडवोकेट अवध बिहारी कौशिक-वरिष्ठ अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट (दिल्ली), पद्मभूषण पं. विश्वमोहन भटट-संगीतकार (राजस्थान), राजेश शर्मा-पत्रकारिता (राजस्थान), अमित मिश्र-समाज सेवा (उत्तर प्रदेश), आलोक त्रिपाठी-भारतीय पुलिस सेवा (राजस्थान), गोपाल मिश्रा-राजकीय सेवा (राजस्थान), विकास शर्मा-प्रशासनिक सेवा (दिल्ली), नीलेश शुक्ला-प्रशासनिक सेवा (गुजरात), मनीष त्रिपाठी-फैशन डिजाइनर (मुंबई), साकेत मिश्रा-समाज सेवा (मुम्बई) रविशंकर पुजारी-गौ सेवा (राजस्थान), रघुपति दास-धर्म सेवा (राजस्थान), योग गुरु ढाकाराम-योग (राजस्थान), प्रोफेसर डॉ. अशोक मिश्र-शिक्षा (हरिद्वार), अविनाश त्रिपाठी-साहित्य (मुम्बई), एडवोकेट राजीव दुबे-विधिक सेवा (नोएडा), राजीव तिवारी-पत्रकारिता (उत्तर प्रदेश), आर.के. शर्मा-व्यवसाय (मथुरा), राहुल शर्मा-व्यवसाय (जयपुर), प्रदीप शर्मा-लेखन (नोएडा), सतेन्द्र त्रिपाठी-पत्रकारिता (दिल्ली), डी.के. मिश्रा-चार्टेड अकाउंटेंट (दिल्ली), राजीव शर्मा-समाज सेवा (मध्यप्रदेश), सुश्री प्राची शर्मा-एंटरप्रेन्योर (दिल्ली), डॉ. सत्य सारस्वत- चिकित्सा (राजस्थान), आचार्य पं. ताराचंद शास्त्री-ज्योतिष (जयपुर), मनमोहन रामावत-पत्रकारिता (दिल्ली), नरेश शर्मा-पत्रकारिता (मेरठ), आशीष तिवारी-पत्रकारिता (देहरादून), सुरेन्द्र पण्डित-पत्रकारिता (दिल्ली), राजेन्द्र व्यास-पत्रकारिता (दिल्ली), बृजेंद्र रेही-लेखक (राजस्थान), संगीता शुक्ला-लेखक एवं अंकशास्त्री (दिल्ली), नीति भटट-लेखक एवं स्तंभकार (दिल्ली), पं. ब्रह्मानंद लसियाल-समाज सेवा (उत्तराखंड), डॉ. निजानन्द ओझा-शिक्षा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य राजेश्वर एवं मंगलाचरण पं. अभिषेक अवस्थी ने किया।

जयपुर चौपाटी की पहली वर्षगांठ

# लोगों ने उठाया लाइव म्यूजिक बैंड की प्रस्तुतियों एवं लज़ीज़ फूड आइटम्स का भरपूर आनंद

### दुकानदारों ने दी 20 प्रतिशत की विशेष छूट

हिलव्यू समाचार

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा प्रतापनगर एवं मानसरोवर में विकसित जयपुर चौपाटी की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर दुकानदारों द्वारा फूड आइटम्स पर दी गई 20 प्रतिशत की विषेष छूट का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। दोनों ही चौपाटी के दुकानदारों ने रंग-बिरंगी लाइटिंग, बैलून तथा फलावर डेकोरेशन कर इसे आकर्षक तरीके से सजाया।

इस उपलक्ष्य में दोनों ही चौपाटियों में म्यूजिकल बैंड द्वारा विशेष थीम पर गीत-संगीत से जुडे शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि बीते एक साल का जयपुर चौपाटी का सफर बहुत शानदार रहा है। जयपुरवासियों के साथ ही देशी-विदेशी पर्यटकों के दिल में भी इन चौपाटियों ने अपनी अलग पहचान बनाई है। एक साल में मानसरोवर की जयपुर चौपाटी में करीब 8.66 लाख तथा प्रतापनगर स्थित जयपुर चौपाटी में 8.22 लाख लोग यहां के लजीज व्यंजनों का आनंद उठा चुके हैं। स्थापना दिवस पर भी दोनों चौपाटियों में 5 हजार से अधिक लोग पहुंचे। देर शाम तक लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी था।

प्रताप नगर चौपाटी के दुकानदारों द्वारा फ्लॉवर एवं लाइटिंग डेकोरेशन, एंटेंस तथा मध्य में बैलून्स की विशेष सजावट, रेडिक्स स्कूल के बच्चों तथा लाइव बैंड ने फ्रंट प्लेटफॉर्म पर प्रस्तुतियां दी।

इसी प्रकार मानसरोवर चौपाटी में भी स्थापना दिवस पर फूलों एवं लाइटिंग से विशेष सजावट की गई। यहां राजस्थानी थीम पर लोक कलाकारों द्वारा लोक संगीत से जुडी विशेष प्रस्तुतियां दी गईं।








## जल जीवन मिशन में मुख्यमंत्री की मंज़ूरी

# प्रदेश की 45 योजनाओं के लिए 628 करोड़ रुपए की मंज़ूरी



हिलव्यू समाचार

**जयपुर।** राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थिति एवं छितराई बसावट को देखते हुए हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन एक महत्वपूर्ण योजना है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जल जीवन मिशन के तहत प्रदेशभर में 45 योजनाओं के लिए 628 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। सीएम गहलोत की इस स्वीकृति से जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में चल रहे विभिन्न कार्यों को गति मिलेगी तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण हो सकेंगे। इससे गांव-ढाणी तक लोगों को नल से जल उपलब्ध हो सकेगा। इस स्वीकृति के अंतर्गत प्रदेश के करौली जिले में 12 योजनाएं, बीकानेर एवं उदयपुर में 6-6, जैसलमेर तथा पाली में 4-4, हनुमानगढ़ में 3 और अलवर, राजसमंद, सवाई माधोपुर जिले में 2-2 तथा श्रीगंगानगर, डूंगरपुर, सीकर, बांसवाड़ा में 1-1 योजना स्वीकृति मिली है।

### मार्च, 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाया जाएगा नल कनेक्शन

जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन के लिए दिसंबर, 2019 में दिशा-निर्देश जारी हुए थे। इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मार्च, 2024 तक शुद्ध पेयजल के लिए कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था, जिसकी प्राप्ति पर हर व्यक्ति को निर्धारित गुणवत्ता वाला पेयजल नियमित रूप से उपलब्ध होगा। राजस्थान में वर्तमान में लगभग 27 लाख ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंच रहा है और प्रदेश सरकार प्रत्येक परिवार को नल से जल पहुंचाने की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

## बिना उद्घाटन के रवाना हुई भिवानी स्पेशल ट्रेन

**जयपुर।** जयपुर के ढेहर के बालाजी से भिवानी के लिए प्रस्तावित ट्रेन शुक्रवार को बिना उद्घाटन के ही रवाना की गई, जबकि सांसद रामचरण बोहरा द्वारा इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना की जानी थी। सांसद बोहरा की तबीयत खराब होने के कारण इसका उद्घाटन कार्यक्रम ही रद्द कर दिया गया और गार्ड ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दूसरी ओर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने नीम का थाना से भिवानी-ढेहर का बालाजी का ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन से रेलवे को अतिरिक्त राजस्व की उम्मीद है।



## पुष्कर मेले का आग़ाज़

हिलव्यू समाचार

**अजमेर।** राजस्थान के तीर्थराज के नाम से विश्वविख्यात पुष्कर मेले का मंगलवार से आगाज हो गया है। इस अवसर पर पुष्कर घाट पर सवा लाख दीपकों से महाआरती की गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महाआरती करके मेले का शुभारंभ किया। 8 नवम्बर तक आयोजित होने वाले इस मेले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। देसी-विदेशी के लाखों सैलानी राजस्थान की रंग-बिरंगी संस्कृति और परंपराओं से रूबरू होंगे।

## नरेगा कार्मिकों के लिए 120 करोड़ रुपए मंजूर

हिलव्यू समाचार

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनांतर्गत राजस्थान ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद एवं इसके अधीन कार्यालयों में कार्यरत नियमित कार्मिकों के वेतन भत्तों के लिए 120 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दी है। कार्मिकों के वेतन भत्तों के लिए प्रतिमाह 40 करोड़ रुपए की आवश्यकता होती है। गहलोत की इस मंजूरी से वर्ष 2022-23 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के नियमित कार्मिकों को वेतन भत्ता दिया जा सकेगा।

## शिक्षक भर्ती में लेवल 2 के बढ़ेंगे पद, कल्ला ने दिए संकेत

# जल्द बढ़ेंगे घटाए गए पद

हिलव्यू समाचार

**जयपुर।** लगातार विवादों में उलझ रही तृतीय शिक्षक भर्ती में घटा गए पदों को पुनः बढ़ाने का जल्द फैसला लिया जा सकता है। शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने ये संकेत दिए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों के 46 हजार 500 पदों पर भर्त्ती को मंजूरी देते हुए जल्द ही प्रक्रिया पूरी करने की घोषणा की थी। इसमें तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल 2 के 31 हजार 500 के बजाय 25 हजार 500 पदों की घोषणा की। इसको लेकर विरोध किया गया। विरोध को देखते हुए शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने समीक्षा कर पदों को पुनः निर्धारित करने की बात कही।

शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि पद घटाने का फैसला स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन के आधार पर किया गया है। पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की नामांकन संख्या ज्यादा है, इसलिए उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों (लेवल-1) के पदों की जरूरत ज्यादा है, जबकि आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की संख्या कम हैं, तो उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों की जरूरत भी कम हैं, लेकिन रीट भर्ती 2020 लेवल 2 रद्द होने के बाद नई भर्ती में बढ़ाने की सरकार द्वारा घोषणा की गई थी। इसमें सीएम ने पूर्व में 31 हजार 500 पदों पर भर्ती के लिए रीट आयोजित की, लेकिन शिक्षक भर्ती में पदों को कम किया गया।

### जल्द होगी रिव्यू बैठक

लेवल 2 में 6 हजार पदों के विरोध को देखते हुए मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को जल्द बैठक कर पदों के सृजन और रिक्त पदों के अनुसार भर्ती करने के लिए पद बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा है कि प्रदेश में अगले सत्र तक करीब 2 हजार स्कूलें इंग्लिश मीडियम होगी। इसके लिए जल्द 10 हजार पदों पर अलग से शिक्षक भर्ती की जाएगी। इसके लिए कैडर गठन करने और पदों के सृजन के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए है ताकि भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए।



### चुनावी वर्ष में होगी भर्ती पूरी

प्रदेश ने अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने है, ऐसे में शिक्षक भर्ती को पूरा करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है। साथ शिक्षा विभाग में द्वितीय श्रेणी शिक्षक, अंग्रेजी मीडियम और अन्य पदों ओर भर्ती जल्द की जाएगी ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके और वोट बैंक साधा जा सके। वहीं राजस्थान के सरकारी स्कूलों में 46,500 पदों पर टीचर्स की भर्ती को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष उपेन यादव ने कहा कि वह पद बढ़ाने की मांग के लिए विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

RH
राजस्थान आवासन मण्डल
हमारा प्रयास, सबको आवास

10% दीजिए गृह प्रवेश कीजिए
जयपुर में आवास खरीदने का सुनहरा अवसर
बुधवार नीलामी उत्सव

| योजनाओं का नाम व स्थान | श्रेणी व संख्या | न्यूनतम बिड मूल्य |
| --- | --- | --- |
| द्वारकापुरी अपार्टमेंट, प्रताप नगर — EWS Flats — RERA No. RAJ/RERA/P/2018/793 | 1BHK 178 | 06.00 लाख रुपये |
| प्रताप अपार्टमेंट, सेक्टर 26, प्रताप नगर — LIG Flats | 1BHK 44 | 08.00 लाख रुपये |
| प्रताप अपार्टमेंट, सेक्टर 26, प्रताप नगर — HIG Flats | 3BHK 4 | 37.29 लाख रुपये |
| महला योजना, जोबनेर, बोराज — EWS Flats — RERA No. RAJ/RERA/P/2018/785 | 1BHK 44 | 04.22 लाख रुपये |
| महला योजना, जोबनेर, बोराज — LIG Flats — RERA No. RAJ/RERA/P/2018/785 | 2BHK 756 | 06.93 लाख रुपये |
| महला योजना, जोबनेर, बोराज — MIG-A Flats — RERA No. RAJ/RERA/P/2018/785 | 2BHK 110 | 09.86 लाख रुपये |
| MGD वीकेंड होम नायला, नायला आवासीय योजना — LIG Duplex — RERA No. RAJ/RERA/P/2018/722 | Duplex 102 | 11.55 लाख रुपये |



फोटो प्रतीकात्मक
नियम एवं शर्तें लागू
राजस्थान संवाद

156 आसान मासिक किश्तों में भुगतान
ई-मित्र पर मात्र 100 रुपये देकर ई-बिड सबमिशन में भाग लें

ई-बिड सबमिशन पर उपलब्ध
● योजना में पानी, बिजली, सड़क, सीवर, पार्क सहित मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था एवं ये आवास विवाद रहित हैं ● ई-बिड सबमिशन प्रत्येक सोमवार प्रातः 10 बजे से बुधवार सायं 4 बजे तक ● 'जहां है जैसा है' के आधार पर विक्रय ● शनिवार व रविवार को आवास दिखाने की विशेष व्यवस्था

ऑनलाइन प्रस्ताव देने की प्रक्रिया के लिए आवासन मण्डल की वेबसाइट www.urban.rajasthan.gov.in/RHB देखें
हेल्प लाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 0141-2740009 कार्यालय समय उपरान्त: (सायं 6:00 से 8:00 बजे तक) 9461054291, 9460254319, 9983131666, 8852000770 या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन (9828363615) से सम्पर्क करें।
Rera Website: www.rera.rajasthan.gov.in

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)